हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रायपुर, बिलासपुर, बस्तर, दुर्ग-भिलाई, महासमुंद, धमतरी, कोंडागांव में रिपोर्टर पहुंचे तीस एजेंसियों में

बिलासपुर

कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिला, कहा- दूसरा इंतजाम कीजिए या शादी-ब्याह की डेट बढ़ाएं

आनंद का सच्चा भाव*

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹118641/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹144900/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹158172/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

ANAND Jewels

Pandri, Raipur

राजधानी समेत छत्तीसगढ़ के कई जिलों में कमर्शियल गैस सिलेंडरों का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। होटल-रेस्टोरेंट और कैटरिंग कारोबार लगभग ठप पड़ने की स्थिति में पहुंच गया है। घरेलू गैस मिल रही है लेकिन बुकिंग में दिक्कत है। आनलाइन बुकिंग नहीं होने की वजह से लोग एजेंसियों के सामने लंबी लाइन लगा रहे हैं। लेकिन शादी-ब्याह, गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार और दूसरे समारोहों के लिए कमर्शियल सिलेंडर पूरे प्रदेश में कहीं नहीं है।

20 रिपोर्टर, 30 गैस एजेंसी...कहीं भी नहीं मिला कमर्शियल सिलेंडर

दूल्हा-दुल्हन तैयार, पर सिलेंडर ने बजा दिया बाजा कैटरिंग वालों ने बुकिंग कैंसिल की, कहा डेट बढाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि के 20 रिपोर्टर घराती और बाराती बनकर 30 गैस एजेंसियों में पहुंचे। किसी भी जगह शादी-ब्याह या समारोह के लिए कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिला। कैटरिंग वालों ने कहा-हमारे पास कोई व्यवस्था नहीं है। शादी की डेट आगे बढ़ा दीजिए। कैटरिंग वालों ने कहा कि हम अब बुकिंग नहीं ले रहे। जो बुकिंग पहले से हैं उन्हें केंसिल कर रहे हैं। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि रायपुर सहित कई जिलों की करीब 30 गैस एजेंसियों में कमर्शियल सिलेंडर का स्टॉक लगभग खत्म है। जहां हैं, उन्हें सरकारी कामकाज वाली जगहों...जैसे आंगनबाड़ी, जेल या दूसरी जगहों पर सप्लाई किया जा रहा है।

"कमर्शियल सिलेंडर नहीं है इंतजाम कहीं और कर लीजिए या कार्यक्रम की तारीख बढ़ा दीजिए।"

रायपुर में कामर्शियल गैस सिलेंडरों का स्टॉक लगभग खत्म हो चुका है। गैस एजेंसियों के पास अब सिर्फ अस्पताल, सेंट्रल जेल सहित अन्य इमरजेंसी सेवा एवं सरकारी कार्यालयों की जरूरत के अनुसार ही स्टॉक बचा है। यह स्टॉक अब होटल, रेस्टोरेंट, कैटरिंग का काम करने वालों को भी नहीं दिया जा रहा है। हरिभूमि के आधा दर्जन रिपोर्टर शनिवार को शहर के अलग-अलग इलाकों में संचालित एचपी, इंडेन, भारत कंपनियों के 20 से अधिक गैस एजेंसियों के दफ्तर और गोदाम में ग्राहक बनकर पहुंचे और शादी-ब्याह, जनेऊ संस्कार, जन्मदिन सहित अन्य कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कामर्शियल गैस सिलेंडर ब्लैक में अधिक दाम पर लेने की बात कहीं। इस दौरान ज्यादातर गैस एजेंसियों के कर्मचारियों ने ▶▶| शेष पेज 5 पर

केस 1

गोगांव स्थित इंडेन और एचपी गैस एजेंसी के दफ्तर और गोदाम में मौजूद कर्मचारियों से रिपोर्टर छट्ठी कार्यक्रम के लिए 3 कामर्शियल गैस सिलेंडरों की जरूरत बताते हुए मांग की। इस पर यहां के कर्मचारियों ने कहा कि कामर्शियल का स्टॉक खत्म हो गया है, जो बचा है वह सिर्फ इमरजेंसी सेवा एवं सरकारी कार्यालयों के जरूरत के अनुसार है, इसलिए सिलेंडर मिल नहीं पाएगा तथा घरेलू सिलेंडर बिना बुकिंग के नहीं मिल पाएगा।

केस 2

कमर्शियल सिलेंडर की पड़ताल करने टीम श्रीनगर गुढ़ियारी पहुंची। यहां सिलेंडर मांगे जाने पर तत्काल में उपलब्ध नहीं होना बताया गया। एजेंसी कर्मचारी ने बताया कि कर्मशियल सिलेंडर मिलने में सप्ताहभर से अधिक का समय लग सकता है। कर्मचारी ने बताया कि बीते तीन दिनों से कमर्शियल सिलेडर लेने वाले दिन में 100 से अधिक लोग पहुंच रहे हैं।

रायगढ़

कोण्डागांव

बिरगांव में वसूल रहे मुंहमांगी कीमत

बिरगांव निगम क्षेत्र में गैस सिलेंडर की चल रही कालाबाजारी की टोह ली। पता चला कि कमर्शियल उपभोक्ताओं को सप्ताहभर बाद भी आपूर्ति नहीं दी जा रही है। कमर्शियल सिलेंडर में 10 किलो गैस भरने का 1500 से 1600 रुपए वसूला जा रहा है। जरूरतमंदों को ज्यादा कीमत देने के बाद भी गैस के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

दूसरे जिलों की हालत

रायपुर के अलावा महासमुंद, बीजापुर, बस्तर, धमतरी सहित अन्य जिलों में भी विभिन्न गैस एजेंसियों के दफ्तर एवं गोदाम में पड़ताल की गई। इस दौरान ज्यादातर गैस एजेंसियों में कामर्शियल गैस सिलेंडरों का स्टॉक लगभग खत्म हो चुका है, जिससे होटल, रेस्टोरेंट के अलावा शादी-ब्याह सहित अन्य कार्यक्रमों में कैटरिंग का कार्य करने वालों का काम भी बंद पड़ा ▶▶| शेष पेज 5 पर

लकड़ी की मांग बढ़ी

वन विभाग के अनुसार उनके पास रोज होटल कारोबारियों के साथ अन्य लोगों के दो दर्जन से ज्यादा कॉल आ रहे हैं। कॉल करने वाले जलाऊ लकड़ी की कीमत जानने कॉल कर रहे। इसके साथ ही लकड़ी टॉल संचालित करने वाले संचालकों के पास लोग कॉल कर जलाऊ लकड़ी की कीमत के बारे में जानकारी ले रहे है।

केस 3

चंगोराभाटा गैस एजेंसी के कर्मचारी ने कमर्शियल सिलेंडर नया स्टॉक आने पर देने की बता कहीं। वर्तमान में केवल घरेलू सिलेंडर आसानी से मिल रहे हैं। अधिक दाम देने की बात कहने पर भी कमर्शियल सिलेंडर मिलने में 10 दिन से अधिक समय लगने की बात कही गई।

केस 4

आशीर्वाद भवन स्थित रूकमणी गैस एजेंसी एवं फायर ब्रिगेड चौक स्थित रायपुर गैस एजेंसी के कर्मचारियों ने बताया कि उनके यहां कामर्शियल गैस सिलेंडरों का स्टॉक खत्म हो गया है, घरेलू सिलेंडर का भरपूर स्टॉक है, लेकिन बुकिंग करने पर ही मिलेगा।

केस 5

टैगोर नगर स्थित गणपति गैस एजेंसी के कर्मचारी ने भी बताया कि कामर्शियल सिलेंडर का स्टॉक नहीं हैं। घरेलू सिलेंडर बुकिंग करने पर ही मिल पाएगा। शादी हो या कोई भी पार्टी, स्टॉक नहीं है तो कहां से दें।

विकास-समस्याओं पर मंथन

हरिभूमि और आईएनएच का आज मुंगेली में जिला संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंगेली

हरिभूमि-आईएनएच के जिला संवाद 2026 का आयोजन रविवार 15 मार्च को मुंगेली में किया गया है। इस आयोजन में राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास और समस्याओं पर मंथन होगा। प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी जनप्रतिनिधियों से संवाद करेंगे।

प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी जिले की योजनाओं एवं समस्याओं पर जनप्रतिनिधियों से करेंगे चर्चा

15 मार्च को दोपहर तीन बजे कलेक्ट्रेट स्थित जनदर्शन कक्ष में होने वाले इस आयोजन में राज्य के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, नगर पालिका लोरमी के अध्यक्ष सुजीत वर्मा,भाजपा नेता देव चरण भास्कर,विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी संजीत बेनर्जी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, मुंगेली नगरपालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, युवक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव लक्ष्मीकांत भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधि ▶▶| शेष पेज 5 पर

11 जिलों में 29 गौधाम

मुख्यमंत्री साय ने शुरू की गौधाम योजना

जोगीपुर में राज्य के प्रथम गौ अभ्यारण्य का शिलान्यास

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को बिलासपुर स्थित गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी गौधाम योजना का शुभारंभ किया। योजना के प्रथम चरण में प्रदेश के 11 जिलों में 29 गौधामों का संचालन प्रारंभ हो गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बिलासपुर जिले के कोटा विकासखण्ड के ग्राम जोगीपुर में राज्य के प्रथम गौ अभ्यारण्य का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जोगीपुर में प्रस्तावित गौ अभ्यारण्य लगभग 184 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा।

सबसे पहले लाइफ इंश्योरेंस

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हर पल आपके साथ

सौ वर्षीय प्लान!

एलआईसी का जीवन उमंग

UIN No.: 512N312V03 PLAN NO: 745

एक पार, नॉन-लिंक्ड, व्यक्तिगत, बचत, आजीवन बीमा प्लान

अंतिम प्रीमियम के बाद से लेकर 99 वर्ष की आयु तक हर वर्ष पाइए मूल बीमाधन राशि का 8% के बराबर गारंटीड उत्तरजीविता लाभ और 100 वर्ष की आयु तक जीवित रहने पर एकमुश्त परिपक्वता लाभ.

विशेषताएँ :

- आयु योग्यता : 30 दिन से लेकर 55 वर्ष तक
- न्यूनतम मूल बीमाकृत राशि : ₹ 2,00,000/-
- अधिकतम मूल बीमाकृत राशि : कोई सीमा नहीं
- प्रीमियम भुगतान अवधि : 15, 20, 25 एवं 30 वर्ष
- पॉलिसी अवधि : (100 में से प्रवेश पर आयु घटाकर) वर्ष

प्रमुख विशेषताएँ :

- 100 वर्ष की आयु तक आजीवन जोखिम बीमा-सुरक्षा
- पूरी प्रीमियम भुगतान अवधि में बोनस
- अंतिम अतिरिक्त बोनस (यदि कोई हो)
- ऋण सुविधा

हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें

डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital

कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827

हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever

IRDAI Regn No.: 512

LIC/P1/2025-26/32/Hin

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

वायरल वीडियो में विधानसभा के बाहर आत्मदाह की धमकी

कथा करवाकर मंत्रीजी ने नहीं दिए पैसे, आत्महत्या करूंगा मंत्री अग्रवाल ने कहा-आरोप झूठे, एफआईआर होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के कथावाचक डॉ. रामानुरागी महाराज ने वीडियो जारी कर विधानसभा के बाहर आत्मदाह करने की धमकी दी है। कथावाचक का कहना है कि संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने उनसे कथा कराई और पैसे नहीं दे रहे हैं। यह पैसे करीब 15 लाख रुपए हैं। श्री अग्रवाल ने आरोपों को झूठा बताया है। रामानुरागी महाराज ने आयोजन करने की बात कहकर संस्कृति विभाग में आवेदन दिया था। मैंने उनके आवेदन को रिमॉर्क किया था, जैसे सबका करता हूं। संस्कृति विभाग ऐसे आयोजनों पर राशि नहीं जारी करता। अब वीडियो वायरल कर झूठा आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा, ऐसे लोग जो अनर्गल रूप से वीडियो जारी कर वसूली का प्रयास करते उनके खिलाफ एफआईआर होना चाहिए।

- कथा वाचक ने आरोप लगाकर मांगे करीब 15 लाख रुपए

डॉ. रामानुरागी महाराज

राजेश अग्रवाल

यह है मामला

कांग्रेस नेता धनंजय ठाकुर ने अपने सोशल मीडिया पेज पर कथावाचक डॉ. रामानुरागी महाराज का वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में कथा वाचक कह रहा है कि 2 से 9 जनवरी तक उन्होंने मंत्री राजेश अग्रवाल के अंबिकापुर स्थित लखनपुर गांव में भव्य श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया था। मंत्री राजेश अग्रवाल ने कथावाचन करवाया, लेकिन पैसा नहीं दिया। जब भी पैसे मांगने जाओ तो बात तक नहीं सुनी जाती। किनारे कर दिया जाता है।

कथावाचक के आरोप गलत, मैंने नहीं कराया आयोजन- अग्रवाल

मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा, कथावाचक का आरोप पूरी तरह से गलत है। इस आयोजन पर मै और मेरा परिवार कहीं भी शामिल नहीं है। न ही इस आयोजन में मै गया। यह आयोजन लखनपुर में भारती नमो सेवा दल के द्वारा कराया गया था। आयोजन पूरी कराकर दो दिन पहले विधानसभा के बाहर डॉ. रामानुरानी महाराज मुझसे मिले थे, मैंने कहा, विधानसभा जा रहा हूं, जल्दी में हूँ। उसके बाद इस तरह का वीडियो वायरल हो रहा है।

Inspired By Japanese Minimalism.
Built For Modern Living.
Rooted In Nature.











RAMA GROUP
Building a Better Tomorrow

70491 10000 / 20000 / 30000 / 40000

Site Address - Rama Eiko, Near Palm Bellagio, Shankar Nagar, Raipur
Chhattisgarh - 492007 | www.ramaeiko.com | sales@ramaeiko.com

PCGRERA130326002060
https://rera.cgstate.gov.in

बिलासपुर

रविवार 15 मार्च 2026

चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी

वर्ष : 25, अंक : 352

पृष्ठ : 12+8=20, मूल्य : 5.00***

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम

अधि. 39.0

न्यून. 22.6

9 सबालेंका ने 1 घंटे 28 मिनट में जीता मैच, लिंडा को हराकर...

आजकल

6 तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ रहे कदम

दर्द अनेक, उपचार एक!

प्रदिक्षा आर्थो ऑयल

घुटने का दर्द, साइटिका, गाठिया, हड्डियों का दर्द, मांसपेशियों में सूजन,
जकड़न, आमवात, संधिवात और मोच में भी लाभदायक, बिना किसी साइड इफेक्ट के !

SUPER STOCKIST - पंकज मेडीकोज, बिलासपूर -6261187686, नथानी एजेन्सी, रायपूर - 7746032260, राजनांदगाव - महेश एजन्सी-7000616262, ताराचंद चितलांगीया & कं. -8889669996

Costumer Care : 1800 120 3133 | Mob.: 9112637000, 9823286830 | www.pradikshaherbals.com

₹ 120/-

आने का समय भी अलग, सबसे पहले आंध्रप्रदेश के आम आते हैं बाजार में

जानिए...आम की खास फसल के बारे में : उत्तर प्रदेश, ओडिशा में फूल खिले छत्तीसगढ़ में फल, आंध्र में पक गए आम, बफर फसल से कम रहेंगे इस बार दाम

राजकुमार ग्वालानी ⏭ रायपुर

गर्मी का आगाज होने के साथ ही आम का इंतजार होने लगता है। फसल की बात होने लगती है। देश में सबसे बड़ा आम उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश है, लेकिन सबसे पहले आंध्रप्रदेश की ही फसल बाजार में आती है। इस समय जहां उप्र और ओडिशा में आम की फसल में जहां महज फूल ही लगे हैं, वहीं अपने राज्य छत्तीसगढ़ में आम की फसल में फल आ गए हैं। आंध्रप्रदेश में तो आम पक गए हैं और तुड़ाई का काम भी प्रारंभ हो गया है। इस माह के अंत में ⏭शेष पेज 5 पर

अलग खबर

कच्चे आम के दाम अब कमः डूमरतराई थोक सब्जी मंडी के अध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी के मुताबिक इस समय बाजार में आंध्र प्रदेश के कच्चे आम आ रहे हैं। इसकी कीमत पहले थोक में 180 रुपए थी, बाद में दाम 120 रुपए हुए और अब 70 रुपए किलो के हिसाब से कच्चे आम बिक रहे हैं। आने वाले समय में इसके दाम और कम होंगे।

छत्तीसगढ़ के आम से बनता है अचार और अमचूर

अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी आम की खेती होती है, लेकिन यहां पर इसकी खेती कम होती है। कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कृषि वैज्ञानिक जीएल शर्मा के मुताबिक अपने राज्य में व्यावसायिक खेती का अभाव है। ऐसे में अपने राज्य में आम की फसल कम होती है। यहां की फसल का ज्यादातर उपयोग अमचूर और अचार बनाने में होता है। बस्तर में आमों से अमचूरों भारी मात्रा में बनता है। इसी के साथ प्रदेश में जहां भी आम की खेती होती है, उन आमों का उपयोग अचार बनाने में होता है। पक्के आम बहुत कम मात्रा में बाजार में बिकते हैं।

उप्र में फूलों की बहार

उप्र में आम की खेती में इस समय फूलों की बहार आई हुई है। उप्र के कृषि वैज्ञानिक शैलेन्द्र राजन ने बताया हमारे राज्य में आम की फसल में फरवरी और मार्च में फूल आते हैं। इस समय फसल में भारी मात्रा में फूल आने के कारण संभावना है कि इस बार फसल अच्छी होगी। लेकिन इसके लिए मौसम का साथ जरूरी है। कई बार मौसम की मार के कारण फसल प्रभावित हो जाती है। उप्र में आम की फसल जून के माह में बाजार में आती है। ऐसा ही ओडिशा में भी होता है। इस राज्य में उप्र की तरह की फरवरी मार्च में फसल में फूल आते हैं और मई में फसल बाजार में आती है।

आंध्र के आम आएंगे बाजार में

राजधानी रायपुर के फल कारोबारी सतीश चौधरी के मुताबिक प्रदेश में सबसे पहले आंध्र प्रदेश के आम ही बाजार में आते हैं। देश में सबसे पहले इसी राज्य में आम की फसल पहले तैयार होती है। आंध्र के आम ही सबसे ज्यादा बिकते हैं। इस राज्य के आम बैगनपल्ली, तोतापुरी और नीलम को बहुत पसंद किया जाता है। इस बार जैसा की जानकारी मिल रही है कि फसल अच्छी है तो दाम भी कम रहने की संभावना है। वैसे शुरुआत में जब भी आम आते हैं तो पहले दाम कुछ ज्यादा रहते हैं, लेकिन जैसे-जैसे आवक बढ़ने लगती है तो दाम भी कम हो जाते हैं।

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

पेड़ से टकराई बस, चार की मौत, 10 घायल

दिफू। असम के कार्बी आंगलोंग जिले में शनिवार को एक बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे उसमें सवार कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। मध्य असम के मोरीगांव जिले के मोइराबारी से नगालैंड के दीमापुर जा रही बस बोकाजान थाना क्षेत्र के अंतर्गत लक्खिजन में तड़के दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

मालगाड़ी की चपेट में आने से तीन की मौत

पालघर। महाराष्ट्र के पालघर रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार रात रेल की पटरियों पर चल रहे तीन लोगों की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों ने दावा किया है कि जब यह घटना हुई उस समय कथित तौर पर पुलिस तीनों युवकों का पीछा कर रही थी जिसकी वजह से वे पटरियों पर दौड़ रहे थे। स्वप्निल शैलेश पालंदे, कुणाल कुमार दुबला और अफरोज खलील शेख एक मालगाड़ी की चपेट में आ गए।

जंग के बीच भारत को बड़ी राहत, शिवालिक और नंदा देवी ने पार किया होर्मुज स्ट्रेट

ईरान में सबसे ताकतवर हवाई हमला अमेरिका ने खर्ग द्वीप पर बरसाए बम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/ दुबई

अमेरिका-इजरायल और ईरान की जंग का शनिवार को 15वां दिन है। 28 फरवरी से शुरू हुई जंग अब तक किसी अंजाम तक नहीं पहुंची है। हमले का बदला लेते हुए ईरान ने खाड़ी देशों में कई जगहों पर बमबारी की है। ईरान ने उस होर्मुज स्ट्रेट को भी बंद कर दिया है, जहां से दुनिया का 20% कच्चा तेल गुजरता है। यहां से गुजरने वाले जहाजों पर ईरान हमला कर रहा है. हालांकि, ईरान ने अपने दोस्त भारत के लिए होर्मुज स्ट्रेट को खोल दिया है। भारत आने वाले दो एलपीजी टैंकर को ईरान ने रास्ता दे दिया है। इराक की राजधानी बगदाद में मौजूद अमेरिकी दूतावास पर बड़ा हमला हुआ है। एक मिसाइल ने अमेरिकी दूतावास को निशाना बनाया है। रिपोर्ट्स के अनुसार यह हमला ईरान की ओर से किया गया है। इधर, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को ईरान के खार्ग द्वीप पर ⏭शेष पेज 5 पर

इराक की राजधानी बगदाद में मौजूद अमेरिकी दूतावास पर बड़ा हमला हुआ है। ईरानी मिसाइल ने अमेरिकी दूतावास को निशाना बनाया है। इधर, अमेरिका ने ईरान के तेल नेटवर्क के लिए महत्वपूर्ण एक द्वीप पर स्थित सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन में हस्तक्षेप करना जारी रखता है, तो उसकी तेल अवसंरचना को निशाना बनाया जाएगा। इधर, जंग के बीच भारत को बड़ी राहत मिली है। खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर आ रहे भारतीय ध्वज वाले दो जहाज शनिवार सुबह युद्ध प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर गए।

होर्मुज की सुरक्षा को लेकर अमेरिका का दबाव

अमेरिका ने अन्य देशों से होर्मुज जलडमरूमध्य को तेल और कमर्शियल जहाजों के लिए खुला रखने में मदद करने का आग्रह किया है। व्हाइट हाउस इस समुद्री मार्ग से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही के लिए 20 अरब डॉलर तक की बीमा गारंटी जैसे उपायों पर विचार कर रहा है, साथ ही, डोनाल्ड ट्रंप ने तेल और माल के सुचारू प्रवाह को बनाए रखने के लिए अमेरिकी नौसेना के जहाजों की तैनाती के संकेत भी दिए हैं।

ट्रंप ने कहा-अमेरिका ने ईरान के तेल नेटवर्क के लिए महत्वपूर्ण द्वीप पर की बमबारी

ईरान की यूएई के लोगों को चेतावनी

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान के केंद्रीय सैन्य कमान मुख्यालय खातम अल-अनबिया ने संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले लोगों को चेतावनी दी है। मुख्यालय ने वहां के निवासियों और आबादी वाले इलाकों में रहने वाले लोगों से बंदरगाहों, डॉक क्षेत्रों और अमेरिका से जुड़े सैन्य ठिकानों के आसपास के इलाकों को खाली करने की अपील की है। ईरानी सैन्य कमान ने कहा कि लोगों को इन स्थानों से दूर रहना चाहिए ताकि किसी भी संभावित हमले की स्थिति में उन्हें नुकसान न पहुंचे। यह चेतावनी ऐसे समय में जारी की गई है, जब क्षेत्र में अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है और संभावित सैन्य कार्रवाई को लेकर आशंका बनी हुई है।

संकट के बीच राहत भरी खबर

होर्मुज स्ट्रेट के पार, 92,700 टन एलपीजी ला रहे जहाज

खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर आ रहे भारतीय ध्वज वाले दो जहाज शनिवार सुबह युद्ध प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर गए। जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने प्रेसवार्ता में बताया कि एलपीजी ला रहे जहाज 'शिवालिक' और 'नंदा देवी' अब गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये जहाज 92,700 टन एलपीजी ला रहे हैं, और इनके 16-17 मार्च को भारतीय बंदरगाहों पर पहुंचने की संभावना है। ये दोनों पोत उन 24 जहाजों में शामिल थे, जो क्षेत्र में युद्ध शुरू होने के बाद से होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिमी किनारे पर फंसे हुए थे।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व विधायक विकास और पीसीसी महासचिव सुबोध ने की निंदा

सोशल मीडिया पोस्ट, तिहाड़ जेल भेजे गए विनोद तिवारी, कांग्रेस का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ऐप्सटिन फाइल्स से संबंधित एक पोस्ट करने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री विनोद तिवारी को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उन्हें तिहाड़ जेल भेज दिया है। श्री तिवारी की गिरफ्तारी की कांग्रेस ने निंदा की है। बताया जाता है कि विनोद तिवारी अपने पिताजी के अंतिम पिंड दान करने उत्तरप्रदेश के कौशांबी जिले गए हुए थे। तब उन्हें वहां से दिल्ली ⏭शेष पेज 5 पर

भाजपा अलोकतांत्रित हो गई-सुशील

मामले में प्रदेश संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा अलोकतांत्रित हो गई है। विपक्ष की आलोचनाओं को सहने की शक्ति नहीं बची। कांग्रेस इस गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करती है। श्री शुक्ला ने कहा कि एआईसीसी के द्वारा कानूनी सहायता प्रदान की जाएगी।

विनोद ने कहा-न्याय की लड़ाई लड़ते रहूंगा

कोर्ट में विनोद तिवारी ने कहा है कि इस देश की नफरती ताकतों के खिलाफ वो लगातार लड़ते रहेंगे। उन्हें न्यायपालिका में संपूर्ण विश्वास और निष्ठा है अतः वे महात्मा गांधी जी जवाहरलाल नेहरू जी, सुभाष चंद्र बोस जी और सरदार पटेल जी के रास्ते पर चलते हुए न्याय के लिए लड़ते रहेंगे और अंततः विश्वास है कि सत्य की जीत होगी।

केंद्र सरकार ने हटाया रासुका

छह महीने बाद वांगचुक की हिरासत रद्द, जेल से हुए रिहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। वांगचुक को शनिवार को जोधपुर केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया। वांगचुक को लेह में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद लगभग छह महीने पहले गिरफ्तार किया गया था। केंद्र सरकार ने कहा है कि यह निर्णय लद्दाख में शांति को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि वह वांगचुक के भाषणों के वीडियो देखेगा और उनकी पत्नी की याचिका पर 17 मार्च को अंतिम सुनवाई करेगा।

सरकार बोली- बातचीत का माहौल बनाने फैसला

सरकार ने यह फैसला सुप्रीम कोर्ट में वांगचुक की याचिका पर अंतिम सुनवाई (17 मार्च) के दो दिन पहले लिया। कोर्ट सुनवाई के दौरान वे वीडियो और फोटो देखेगा, जिनके आधार पर सरकार ने उन पर एनएसए लगाया था। केंद्र सरकार ने कहा कि यह फैसला लद्दाख में शांति, स्थिरता और संवाद का माहौल बनाने के लिए लिया गया है। लद्दाख में विभिन्न समुदायों और नेताओं के साथ लगातार बातचीत की जा रही है। हड़ताल और विरोध प्रदर्शनों का असर छात्रों, नौकरी चाहने वालों, व्यापार, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा था। क्षेत्र की चिंताओं को दूर करने के लिए हाई-पावर्ड कमेटी के जरिए बातचीत जारी रहेगी।

संजीवनी सेवा के लिए नई एजेंसी, एक अप्रैल से शुरुआत की

पहली बार 108 सेवा में पीडियाट्रिक इमरजेंसी एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस की बढ़ेगी संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आपात स्थिति में मरीजों की मदद करने वाली 108 सेवा से पीडियाट्रिक इमरजेंसी में भी मदद मिलेगी। एक अप्रैल से तीन सौ नई एंबुलेंस राज्य में सहायता के लिए दौड़ेगी। आवश्यकताओं को देखते हुए एडवांस लाइफ सपोर्ट वाले सिस्टम की संख्या बढ़ाकर 70 की जाएगी। दावा किया जा रहा है कि कॉल ट्रेकर सिस्टम से लैस इन एंबुलेंस से रिस्पांस टाइम को भी कम करने में मदद मिलेगी।

खास खबर

लंबी प्रक्रिया और तीन बार की कोशिशों के बाद सीजीएमएससी ने सिंगल टेंडर के माध्यम से 108 संजीवनी सेवा के संचालन के लिए नई एजेंसी तय की गई है। उसके साथ अनुबंध हस्ताक्षर की प्रक्रिया पूरी करने के बाद एक अप्रैल से इस एंबुलेंस सेवा संचालन नई कंपनी के माध्यम से किया जाएगा।

3 सौ नई एंबुलेंस, रिस्पांस टाइम कम करने कॉल ट्रेकर सिस्टम का दावा

गर्भवती महिलाओं का केवल परिवहन

गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए अस्पताल पहुंचाने के लिए 102 महतारी एक्सप्रेस का संचालन किया जा रहा है। पूर्व में संचालित वाहनों में आपात स्थिति के लिए इसमें पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती होती थी। इसके नए टेंडर के बाद भी 102 महतारी एक्सप्रेस का उपयोग केवल गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पताल तक पहुंचाने के लिए किया जाता है। पैरामेडिकल स्टाफ के अभाव में कई बार जरूरत के दौरान मरीज को दिक्कत भी सामने आ जाती है।

जानकारी के अनुसार नए टेंडर में सुविधा में बढ़ोतरी के दावे किए जा रहे है। नई एजेंसी को तीन सौ नई एंबुलेंस लाना है, जिससे हर जिले में नई गाड़ी उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा इस योजना में 10 ऐसी एंबुलेंस को शामिल किए जाने का दावा किया ⏭शेष पेज 5 पर

एमएमयू, डाक्टर नहीं तो संचालन नहीं

सुदूर इलाकों में रहने वालों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए पीएम जनमन योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक एमएमयू में जरूरी दवाओं के साथ एमबीबीएस डाक्टर की तैनाती जरूरी है। जिस यूनिट में डाक्टर की नियुक्ति नहीं की गई है उसका संचालन नहीं किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। एमएमयू के माध्यम से अभी विभिन्न क्षेत्रों में ढाई सौ ज्यादा शिविर लगाए गए हैं।

PRESENTING

DAY TWO OF NAYA ECO-LIVING

AT NAYA RAIPUR

avinash Upwan

At Avinash Upwan, the forest will be your friend and nature will be your neighbour, with an array of residential options where life feels effortlessly beautiful. A forest within the city. Your paradise within reach.

75 ACRES OF LUSHNESS

2 CLUB HOUSES

CENTRAL WATERBODY

GRAND COMMERCIAL

Artist's Impression

BetheBee.in

EXOTIC COUNTRY VILLAS

EXQUISITE GARDEN VILLAS

STUDIO APARTMENTS 1 BHK

HIGH-RISE APARTMENTS 2 & 3 BHK

BEST OF NATURE BECOMES YOUR BEST FRIEND

• Integrated natural waterbody • Central forest • Wishing wells • Tower of joy • Lake-front café • Landscaped floral garden • Kids' adventure play and many more...

TWO ELITE CLUBS | ONE SOCIAL ECOSPHERE

• Swimming pool with kids' pool • Gymnasium • Banquet hall with lawn • Co-working space • Café • Badminton & Squash court • Guest rooms and many more...

VISIT OUR SITE TODAY!

avinash
a relation for life

RERA NO. PCGRERA280225001883
HTTPS://RERA.CGSTATE.GOV.IN/

Sector 10, Naya Raipur

+91 99075 88444

ग्रीन कार्ड हासिल करने के लिए रचा डकैती का नाटक, पकड़े गए 11 भारतीय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 11 भारतीय नागरिकों पर वीजा में धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। अमेरिकी सरकारी वकीलों के अनुसार, इन लोगों ने ग्रीन कार्ड हासिल करने के लिए शॉर्टकट के तौर पर सुविधा दुकानों में हथियारों के बल पर डकैती का नाटक रचा था। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने जानबूझकर दुकानों में फर्जी डकैती की योजना बनाई। इसका मुख्य उद्देश्य यह था कि स्टोर में काम करने वाले क्लर्क आव्रजन आवेदनों में खुद को अपराध का शिकार बता सके। दरअसल, यह पूरी साजिश यू-वीजा प्राप्त करने के लिए रची गई थी।

यू-वीजा से खुलता है ग्रीन कार्ड का रास्ता

बता दें कि यू-वीजा उन नागरिकों को दिया जाता है जो किसी अपराध के शिकार हुए हों, या जिन्होंने मानसिक या शारीरिक यातनाएं झेली हो और जो पुलिस की जांच में मददगार साबित हुए हों। यह वीजा प्रवासियों को काम करने की अनुमति देता है और 5 से 10 साल के अंदर ग्रीन कार्ड प्राप्त करने का रास्ता भी खोलता है।

अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे कुछ क्लर्कों ने भिड़ाई थी तिकड़म

अपराध के शिकार हुए लोगों को दिया जाता है अमेरिका में यू-वीजा

आव्रजन आवेदनों में खुद को अपराध का शिकार बताना था उद्देश्य

मैसाचुसेट्स, केंटकी ओहियो के हैं आरोपी

आरोपियों के नाम, जितेंद्रकुमार पटेल (39), महेशकुमार पटेल (36), संजयकुमार पटेल (45), दीपिकाबेन पटेल (40), रमेशभाई पटेल (52), अमिताबेन पटेल (43), रौनककुमार पटेल (28), संगीताबेन पटेल (36), मिंकेश पटेल (42), सोनल पटेल (42) और मितुल पटेल (40) हैं। ये सभी मैसाचुसेट्स, केंटकी और ओहियो जैसे अमेरिकी राज्यों में अवैध रूप से रह रहे थे। दीपिकाबेन पटेल को मैसाचुसेट्स के वेमाउथ में अवैध रूप से रहने के कारण वापस भारत डिपोर्ट (निर्वासित) कर दिया गया है। जितेंद्रकुमार, महेशकुमार, संजयकुमार, अमिताबेन, संगीताबेन और मितुल को मैसाचुसेट्स में गिरफ्तार किया गया था और शुक्रवार को बोस्टन की संघीय अदालत में पेशी के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। रमेशभाई, रौनककुमार, सोनल और मिंकेश को केंटकी, मिसौरी और ओहियो में गिरफ्तार किया गया है। उन्हें बाद में बोस्टन की संघीय अदालत में पेश किया जाएगा।

ऐसे दिया गया वारदात को अंजाम

आरोप पत्र के अनुसार, मार्च 2023 में 'रामभाई' नामक मुख्य साजिशकर्ता और उसके साथियों ने मैसाचुसेट्स और अन्य स्थानों पर कम से कम छह सुविधा/शराब की दुकानों और फास्ट फूड रेस्तरां में फर्जी डकैतियों को अंजाम दिया। इस नाटक में, लुटेरा सीसीटीवी कैमरे के सामने बंदूक (या उस जैसा कोई हथियार) दिखाकर कैशियर या मालिक को धमकाता था और गल्ले से पैसे लेकर भाग जाता था। लुटेरे के भागने के पांच मिनट या उससे अधिक समय बाद, 'पीड़ित' क्लर्क या मालिक जानबूझकर पुलिस को फोन करके 'अपराध' की रिपोर्ट दर्ज कराते थे ताकि मामला असली लगे।

योजना में शामिल होने आरोपियों ने दिए पैसे

वहीं, जांच में यह भी सामने आया है कि इन कथित पीड़ितों (क्लर्कों) ने इस पूरी योजना में शामिल होने के लिए आयोजक रामभाई को पैसे दिए थे। इसके बदले में, रामभाई ने इस फर्जी डकैती के लिए अपनी दुकानों का इस्तेमाल करने देने के लिए स्टोर मालिकों को पैसे चुकाए थे। रामभाई, डकैती का नाटक करने वाले 'लुटेरे' और उन्हें भगाने वाले ड्राइवर को पहले ही दोषी ठहराया जा चुका है। वीजा धोखाधड़ी की साजिश के इस आरोप में अधिकतम 5 साल की जेल, 3 साल की निगरानी और 2,50,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 2 करोड़ रुपये) के जुर्माने का प्रावधान है।

इंडिगो-एयर इंडिया के बाद अकासा की उड़ान भी महंगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर आप भी गर्मियों की छुट्टियों में कहीं बाहर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो अपनी जेब थोड़ी और ढीली करने के लिए तैयार हो जाइए। एयर इंडिया और इंडिगो के नक्शेकदम पर चलते हुए अब अकासा एयर ने भी ईंधन की बढ़ती कीमतों का बोझ यात्रियों पर डालने का फैसला किया है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण एयरलाइन 15 मार्च से टिकट बुकिंग पर 1300 रुपये तक का अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज वसूल करेगी। अकासा एयर के प्रवक्ता द्वारा जारी बयान के अनुसार, ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि के कारण यह कदम उठाना अनिवार्य हो गया है। नए चार्ज 15 मार्च 2026 की रात 00:01 बजे से होने वाली सभी बुकिंग पर लागू होंगे। अगर आपने 15 मार्च से पहले टिकट बुक कर ली है, तो आपको यह अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा।

हवाई सफर पर मिडिल ईस्ट जंग की मार

कितना लगेगा एक्स्ट्रा चार्ज?

नया सरचार्ज फ्लाइट की दूरी और समय के आधार पर तय किया गया है। यह सरचार्ज घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों मार्गों पर लागू होगा। इसका न्यूनतम शुल्क: 199 रुपये व अधिकतम शुल्क: 1300 रुपये होगा। एयरलाइन का कहना है कि मिडिल ईस्ट में उपजे हालातों की वजह से एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में इजाफा हुआ है। इसी के चलते हमें 199 रुपये से लेकर 1300 रुपये तक का फ्यूल सरचार्ज लगाने पर मजबूर होना पड़ा है।

फ्लाइट की अवधि से तय होगी टिकट की कीमत

सरचार्ज प्रत्येक सेक्टर के हिसाब से अलग-अलग होगा। इसका मतलब है कि फ्लाइट जितनी लंबी होगी, यात्री को उतना अधिक सरचार्ज देना होगा। उदाहरण के तौर पर, छोटे रूट जैसे दिल्ली से चंडीगढ़ के मुकाबले लंबे रूट जैसे मुंबई से सिंगापुर या दिल्ली से केरल पर यह शुल्क अधिक हो सकता है।

इराक के अधिकारियों ने की भीषण अटैक की पुष्टि

बगदाद के अमेरिकी दूतावास पर ईरान का बड़ा हमला, हेलीपैड, कैम्पस तबाह

एजेंसी ▶▶| बगदाद

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग को 15 दिन हो चुके हैं। शनिवार को ईरान ने अमेरिका को बड़ा झटका दिया है। ईरान ने इराक के बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर हमला किया है।

इराक के अधिकारियों ने हमले की पुष्टि की और बताया कि ईरान की मिसाइल दूतावास के हेलीपैड पर गिरी है। दूतावास परिसर के अंदर हेलिकॉप्टर उतारने के लिए हेलीपैड बनाया गया है, जो मिसाइल अटैक से तबाह हो गया है। पूरा कैंपस भी जलकर राख हो गया है। यह हमला तब किया गया है, जब अमेरिका ने खर्ग आइलैंड पर हमला किया और ईरान के सुप्रीम लीडर समेत 10 अधिकारियों पर आतंकवादियों की तरह इनाम की घोषणा की।

ईरानी मिसाइल ने सुरक्षा में लगाई बड़ी सेंध

सबसे सुरक्षित माने जाने वाले 'ग्रीन जोन' को बनाया गया निशाना

बगदाद के सबसे सुरक्षित इलाके में हमला

अमेरिकी दूतावास इराक की राजधानी बगदाद के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले 'ग्रीन जोन' में है, जहां हमला करने की हिम्मत ईरान ने दिखाई है। हेलीपैड को निशाना बनाकर ही मिसाइल दागी गई थी। हमले के बाद दूतावास परिसर से काला धुआं निकलते देखा गया और कैंपस में हड़कंप भी मच गया। वहीं अमेरिकी दूतावास में लगे रडार सिस्टम पर ड्रोन अटैक हुआ है, जिससे रडार को नुकसान पहुंचा है, लेकिन उसे रिकवर कर लिया जाएगा। सुरक्षित होने के बावजूद ईरान की मिसाइल का हेलिपैड तक पहुंचना सुरक्षा में एक बड़ी सेंध है। अमेरिका की मरीन कॉर्प्स के कमांडो और इराक पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है।

बगदाद में हमला अमेरिका-ट्रंप को सीधी चुनौती

अमेरिकी दूतावास पर हमला सीधे तौर पर ट्रंप को दी गई खुली चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। क्योंकि बगदाद में अमेरिकी दूतावास सबसे सुरक्षित राजनयिक परिसरों में से एक है।

3 अन्य अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर भी हमले

इस बीच ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना ने दावा किया है कि उसने क्षेत्र में मौजूद 3 अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं। ईरानी मीडिया के अनुसार आईआरजीसी नौसेना प्रमुख एडमिरल अलीरेजा तंगसीरी ने बताया कि इन हमलों में अबू धाबी के अल-धफरा एयरबेस और बहरीन के शेख ईसा एयरबेस को निशाना बनाया गया। तंगसीरी के मुताबिक पैट्रियट रडार सिस्टम, सैन्य विमान और विमानों के ईंधन भंडारण टैंकों पर हमले हुए। हालांकि इन दावों की अभी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो पाई है।

अमेरिका के 2500 मरीन और जंगी जहाज तैनात

इधर, अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में 2500 मरीन और समुद्र के साथ-साथ जमीन से हमला करने वाले युद्धपोत तैनात कर दिए हैं। ऐसे में लगता है कि ट्रंप ने अब ईरान के खिलाफ कोई बड़ा प्लान बनाया है। सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी सेना की 31वीं मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट और जमीन से हमला करने वाले जहाज यूएसएस ट्रिपोली को मिडिल ईस्ट की ओर रवाना होने का आदेश दिया गया है। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को ब्लॉक करके दुनियाभर के कई देशों में तेल और गैस का संकट खड़ा कर दिया है। ऐसे में अब शायद अमेरिका की तैयारी जमीनी सैन्य कार्रवाई करने की है। बता दें कि 31वीं मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट, यूएसएस ट्रिपोली और मरीन सैनिकों को लेकर चलने वाले जहाज वर्तमान में जापान में तैनात हैं और प्रशांत महासागर में एक्टिव हैं।

'बंगाल में निर्मम सरकार का होगा अंत, लिया जाएगा हिसाब'

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

विधानसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक विशाल जनसभा में शामिल हुए। यहां उन्होंने बंगाल में 18,680 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की।

इसी दौरान, ब्रिगेड परेड ग्राउंड में रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने ममता सरकार पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने अपने संबोधन में कहा, 'बंगाल में बदलाव अब दीवारों पर लिखा हुआ है और बंगाल के लोगों के दिलों में भी बस गया है। अब, बंगाल से इस निर्मम सरकार का अंत होना तय है।'

कोलकाता में मोदी ने साधा ममता पर निशाना

चुन-चुन कर लेंगे बदला

मोदी ने कहा, 'बंगाल में महा जंगलराज लाने वालों का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। वो दिन दूर नहीं, जब बंगाल में फिर से कानून का राज होगा। जो कानून तोड़ेगा, जो अत्याचार करेगा, टीएमसी के किसी अत्याचारी को छोड़ा नहीं जाएगा, चुन-चुनकर हिसाब लिया जाएगा।' उन्होंने आगे कहा, 'यहां की निर्मम सरकार चाहे अब जितना जोर लगा ले, परिवर्तन की इस आंधी को वो अब रोक नहीं पाएगी।

इंस्टाग्राम में प्राइवेसी खत्म! पढ़ सकेगा अब आपकी चैट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। कंपनी ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि कर दी है कि इंस्टाग्राम पर एंड टू एंड एनक्रिप्टेड चैट फीचर 8 मई 2026 के बाद बंद कर दिया जाएगा। यानी इस तारीख के बाद इंस्टाग्राम के डायरेक्ट मैसेज (डीएम) में यह सुरक्षा फीचर उपलब्ध नहीं रहेगा। यह जानकारी खुद इंस्टाग्राम के आधिकारिक हेल्प पेज पर दी गई है, जहां साफ कहा गया है कि 8 मई 2026 के बाद इंस्टाग्राम पर एंड टू एंड एनक्रिप्टेड मैसेजिंग सपोर्ट नहीं करेगा। अगर किसी यूजर की चैट इस फीचर के तहत है, तो उन्हें पहले से नोटिफिकेशन मिलेगा और वे अपने चैट डेटा को डाउनलोड भी कर सकेंगे।

मेटा का ऐलान, हटने वाला है एंड टू एंड एनक्रिप्शन

एंड टू एंड एनक्रिप्शन

एंड टू एंड एनक्रिप्शन में मैसेज भेजने वाले और पाने वाले के अलावा कोई भी तीसरा व्यक्ति उसे पढ़ नहीं सकता। यहां तक कि प्लेटफॉर्म चलाने वाली कंपनी भी उन मैसेज को नहीं देख सकती। इस तकनीक में मैसेज भेजते समय वह एक कोड में बदल जाता है और केवल रिसीवर के डिवाइस पर ही डिक्रिप्ट होता है।

पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में 2 विस्फोटक ड्रोन मार गिराए

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सुरक्षा एजेंसियों ने विस्फोटकों से भरे दो ड्रोन मार गिराए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक ड्रोन फैजाबाद इलाके के पास गिरा, जबकि दूसरा I-9 सेक्टर में गिराया गया। इससे पहले अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि अफगान वायुसेना ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के कोहाट क्षेत्र में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। दरअसल पाकिस्तान ने गुरुवार रात अफगानिस्तान की राजधानी काबुल और कंधार में हवाई हमले किए थे। तालिबान अधिकारियों के मुताबिक इन हमलों में 6 लोगों की मौत और 15 लोग घायल हुए।

पंजाब सरकार को करना होगा पेंशनरों को बकाया भुगतान

चंडीगढ़। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने पंजाब के हजारों पेंशनरों को बड़ी राहत देते हुए राज्य सरकार को लंबित संशोधित पेंशन और महंगाई भत्ता (डीए) का बकाया भुगतान करने का आदेश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह लाभ केवल याचिकाकर्ताओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सभी योग्य पेंशनरों को दिया जाएगा। हाई कोर्ट ने पंजाब के मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं कि तीन महीने के अंदर आदेश के पालन की रिपोर्ट जिम्मेदार अधिकारी के हलफनामे के साथ अदालत में पेश की जाए। हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि आदेश के पालन में कोई ढिलाई बरती गई तो प्रभावित पेंशनर हाई कोर्ट के हुक्मों की अवहेलना की कार्रवाई के लिए फिर से अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं।

homefirst
We'll take you home

Home First Finance Company India Limited

CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 18003008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

परिशिष्ट- IV-ए {नियम 8 (6)}
के परतुंक को देखें
अंचल संपत्तियों के विक्रय हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित

एतद्द्वारा आम जनता और विशेष रूप से स्तंभ (ii) में वर्णित ऋणधारक (ओं) और सह–ऋणधारक (ओं) को सूचित किया जाता है कि स्तंभ (iii) में वर्णित नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, सुरक्षित ऋणदाता के पास गिरवी/बंधक हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा इसके बकाया और ब्याज की वसूली के लिए ले लिया गया है, जैसा कि नीचे विवरण दिया गया है। और चूंकि बकाया चुकाने में विफलता के परिणामस्वरूप, अधोहस्ताक्षरी उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए उक्त संपत्तियों की बिक्री द्वारा बकाया वसूलने का प्रस्ताव करता है और इसे ''जैसा है जहां है'', ''जैसा है वैसा ही'' और '' जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जाएगा। नीचे वर्णित है। यह नीलामी ''ऑनलाइन'' आयोजित की जाएगी, जिसका उद्देश्य होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता(ओं) और सह–उधारकर्ता(ओं) से देय राशि की वसूली करना है।

क्र. सं.	ऋणधारक(ओं) एवं सह-ऋणधारक(ओं) के नाम	संपत्ति का पता	मांग सूचना की तिथि	मांग सूचना की राशि	कब्जे की तिथि	आरक्षित मूल्य	ईएमडी राशि	नीलामी की तिथि और समय	ईएमडी और दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि और समय	प्राधिकृत अधिकारी का नंबर
1.	दिनेश कुमार भारद्वाज, रेखा बाई भारद्वाज	खसरा नं.-2318/8, व 2318/14, मौजा चोरभट्टीकला, प.ह.नं. 50, रा.नि.मं.गनियारी, तह. सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-वीरेंद्र कौशिक का प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-का प्लॉट।	04-12-2025	12,89,539	05-02-2026	88,000	8,800	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
2.	पीताम्बर दास, पुष्पा मानिकपुरी,	खसरा नं.-248/32, प.ह.नं. 41, म.नं.-06, प्लॉट नंबर-24, शीट नंबर-14, मौजा ग्राम सैदा, तह.-सकरी व जिला-बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता का प्लाट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लाट, दक्षिण-विक्रेता का प्लाट।	04-12-2025	9,97,936	05-02-2026	2,32,000	23,200	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
3.	नरेंद्र दास मानिकपुरी, दुर्गा मानिकपुरी,	ख.नं.-957/1, प.ह.नं.-5, मौजा-कोटा, तहसील-कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-सरकारी भूमि, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लाट, दक्षिण-विक्रेता का प्लाट	04-12-2025	7,89,683	05-02-2026	42,500	4,250	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
4.	हरिश्चंद्र अमृत सिंह, फुलेश्वरी अमृत सिंह, अमृत सिंह	खसरा नंबर 360/1भाग, प.ह.नं. 09, ग्राम मुढ़ीपार, रा.नि.मं. बिल्हा, तहसील बिल्हा (नई बोदरी) जिला बिलासपुर (छ.ग..), बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दीङ उत्तर-जगनाथ धुर की भूमि, दक्षिण-निस्तारी रोड, पूर्व-कृष्णा भारती की भूमि, पश्चिम-विक्रेता की भूमि।	04-12-2025	6,36,457	05-02-2026	1,00,000	10,000	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
5.	राहुल बघेल, चंचल बघेल,	केएच नंबर 360/1, प.ह.नं. 09, मौजा मुढ़ीपार, रा.नि.मं. - बिल्हा, तह. बिल्हा, जिला - बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495006 चौहद्दी: उत्तर-जगन्नाथ धुरी की भूमि, दक्षिण-निस्तारी रोड, पूर्व-निस्तारी रोड, पश्चिम- रामकुमार गंधर्व की भूमि	04-12-2025	6,01,386	05-02-2026	64,900	6,490	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
6.	आशीष कुमार बंजारे, मंजू बाई बंजारे,	ख.नं. 33/6,प.ह.नं.50, मौजा गनियारी, रा.नि.मं. -गनियारी, विकास खंड तखतपुर तह. सकरी व जिला-बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495006 चौहद्दी: उत्तर-विक्रेता की भूमि, दक्षिण-बिल्लू की भूमि, पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम-विक्रेता की भूमि।	04-12-2025	5,57,695	05-02-2026	56,200	5,620	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
7.	सरिता मानिकपुरी, साहेब दास	ख.नं. 47/5 का भाग, पटवारी हलका नंबर 41, ग्राम सैदा म.न.-06, राजस्व निरीक्षक अमसेना, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495004 चौहद्दी: उत्तर-20 फुट चौड़ी सड़क, दक्षिण-संतोष दुबे की भूमि, पूर्व-संतोष दुबे की भूमि एवं पश्चिम- विक्रेता की भूमि।	04-12-2025	5,83,648	05-02-2026	1,27,000	12,700	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
8.	धरम महिलांगे, खुशबू महिलांगे,	ख.नं. 147/1 (भाग), प.ह.नं. 42, शीट नं.-4, शिव मंडी के पास, मौजा मेंड्रा, तहसील सकरी, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 का भाग पूर्व - 25 फुट प्रस्तावित सड़क, पश्चिम - निर्मलकर की भूमि, उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण - तीजन बाई की भूमि ।	03-11-2025	22,79,366	06-01-2026	5,00,000	50,000	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
9.	देशराज अहिरवार, मंजू अहिरवार	ख.नं. 1704/3/के/2, प.ह.नं.53, प्लॉट संख्या 10, शीट नंबर 31, तुरकाडीह चौक के पास, मौजा निरतु, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व -20 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम -भोला श्रीवास की भूमि, उत्तर-विक्रेता की भूमि, दक्षिण -विक्रेता की भूमि।	03-11-2025	12,70,987	06-01-2026	76,000	7,600	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
10.	मेघनाथ गोंड, पुष्पा मरावी	ख.नं. 1704/3/के/2 शीट नंबर 31, प्लॉट नंबर 10, प.ह.नं. 53, मौजा निरतु, तुरकाडीह चौक के पास, करहीपारा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001। चौहद्दी: पूर्व - 20 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम - भोला श्रीवास की भूमि, उत्तर - विक्रेता की भूमि और दक्षिण - आशीष टंडन की भूमि	03-11-2025	14,00,753	06-01-2026	74,000	7,400	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
11.	ओम प्रकाश केंवट, अघनिया बाई	ख नं 248/3(भाग), सैदा मं.नं. 06, प्लॉट नंबर-13/1, प.ह.न. 41, शीट नंबर-14, अमसेना बिलासपुर, तहसील-सकरी और जिला- बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम-रामेश्वर सोनी का प्लाट, उत्तर-विक्रेता का प्लाट, दक्षिण- दिनेश तिवारी का प्लाट।	03-11-2025	7,49,181	06-01-2026	1,20,000	12,000	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
12.	अमित कुमार जाटवर, पूजा जाटवर	ख नं.278, मौजा निरतु, प.ह.नं. 53, रा.नि.मं. पेंड्री विकास खंड, तह तखतपुर व जिला-बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम-विक्रेता का प्लाट, उत्तर-निस्तारी रास्ता, दक्षिण-विक्रेता का प्लाट	03-11-2025	10,85,350	06-01-2026	84,000	8,400	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
13.	ममता लाल वर्मा, रामरतन वर्मा, शुकवारा बाई वर्मा	ख.नं.-2302/4, मौजा चोरभट्टीकला, , प.ह.नं. 50, रा.नि.मं. गनियारी, तह. सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम-श्यामलाल का प्लाट, उत्तर-निस्तारी रास्ता, दक्षिण-विक्रेता का प्लाट।	03-11-2025	10,10,059	06-01-2026	87,200	8,720	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
14.	सुदीप्त कुमार गणनायक, रोमलिन राउत	ख.नं.1704/6, मौजा निरतु, पह.नं. 53, प्लॉट नंबर-11/4, शीट नंबर-31, रा.नि.मं. पेंडारी, विकासखंड तखतपुर, तहसील सकरी, जिला, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, पश्चिम-अन्य का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट।	03-11-2025	9,28,444	06-01-2026	80,000	8,000	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
15.	मनीष प्रजापति, संदीप प्रजापति, आधीनिया बाई प्रजापति	ख. नं.-957/1, प.ह.नं.-5, मौजा-कोटा, तहसील-कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-सरकारी भूमि, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लाट, दक्षिण-विक्रेता का प्लाट।	03-11-2025	8,48,933	06-01-2026	50,000	5,000	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
16.	जिज्ञासा नरेश कुमार गोंड, भगवती मरकाम	ख.नं.-957/1, प.ह.नं.05, मौजा कोटा, ख.नं.-957/1, प.ह.नं.-5, मौजा-कोटा, तहसील-कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता का प्लाट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-निस्तारी रास्ता, दक्षिण-विक्रेता का प्लाट।	03-11-2025	8,18,107	06-01-2026	50,000	5,000	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
17.	लता बाई, राजू बघेल	ख.नं.-957/1, प.ह.नं.-5, मौजा-कोटा, विकास खंड, तहसील-कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495006 चौहद्दी: पूर्व-निस्तारी रोड, पश्चिम-विक्रेता की भूमि, उत्तर-रघु यादव की भूमि, दक्षिण-निस्तारी रोड।	03-11-2025	8,89,091	06-01-2026	50,000	5,000	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
18.	रंजीता यादव, सुनील यादव,	ख.नं.957/1, प.ह.नं. 5, मौजा - कोटा, तहसील - कोटा, जिला - बिलासपुर (छत्तीसगढ़), बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व -अन्य की भूमि, पश्चिम म-निस्तारी रोड, उत्तर -रवि शंकर की भूमि व दक्षिण -राजेश की भूमि	03-11-2025	8,66,369	06-01-2026	50,550	5,055	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
19.	कोमल माधवानी, सुरेश माधवानी	ख.नं. 957/10, प.ह.न. 5, मौजा - कोटा, तहसील - कोटा, जिला - बिलासपुर (छत्तीसगढ़), बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495006 चौहद्दी: पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - निस्तारी रोड, उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण - निस्तारी रोड।	03-11-2025	8,79,698	06-01-2026	50,000	5,000	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
20.	आयुष कुमार, अनिता यादव	ख.नं. 360/1, मौजा - मुढ़ीपार, प.ह.न. 9, रा.नि.मं. - बिल्हा, तह. बिल्हा, जिला - बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: विक्रेता की भूमि, पश्चिम -विक्रेता की भूमि, उत्तर-जगन्नाथ धुरी की भूमि, दक्षिण-निस्तारी रोड।	03-11-2025	8,27,467	06-01-2026	90,000	9,000	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
21.	राजेश कसेर ताम्रकार, पुष्पा ताम्रकार,	ख.नं. 360/1, मौजा - मुढ़ीपार, प.ह.न. 9, रा.नि.मं. - बिल्हा, तह - बिल्हा, जिला - बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - विक्रेता की भूमि, उत्तर - निस्तारी रोड, दक्षिण - दीपक राठौड़ की भूमि।	03-11-2025	9,36,851	06-01-2026	90,000	9,000	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
22.	नीलेश बंजारे, पूर्णिमा बंजारे	ख.नं. 217/1, मौजा उमरिया म.न.02, प.ह.न. 19, रा.नि.मं.- बिल्हा विकास खंड, तह. बिल्हा एवं जिला. बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम-विक्रेता की भूमि, उत्तर-सड़क, दक्षिण-रामजीवन की भूमि।	03-11-2025	8,60,233	06-01-2026	1,00,300	10,030	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
23.	कृष्णा भारती, संतोष भारती, संतोषी बाई	ख.नं. 360/1भाग, प.ह.नं. 09, ग्राम मुढ़ीपार, रा.नि.मं.- बिल्हा, तहसील बिल्हा (नई बोदरी) जिला बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम-विक्रेता की भूमि, उत्तर-जगन्नाथ धुरी की भूमि, दक्षिण-निस्तारी रोड।	03-11-2025	8,41,657	06-01-2026	90,000	9,000	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
24.	श्याम सुन्दर यादव, लता यादव, अक्ता यादव	ख.नं. 360/1, मौजा - मुढ़ीपार, प.ह.नं. 9, रा.नि.मं.- बिल्हा, तहसील - बिल्हा, जिला - बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व - राजेश ताम्रकार की भूमि, पश्चिम- विक्रेता की भूमि, उत्तर-निस्तारी रोड, दक्षिण- दीपक राठौड़ की भूमि।	03-11-2025	9,13,956	06-01-2026	90,000	9,000	30-03-2026 (11am-2pm)	28-03-2026 (upto 5pm)	9730775533
आवश्यकता है- सुपर बाजार में हेल्पर के लिए लड़कों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता। बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- अपना सुपर बाजार, SBI ATM के पास, रिंग रोड नं.-2, बिलासपुर 7470592624 (40205)

आवश्यकता है- अग्रवाल एक्स-रे क्लीनिक में महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सुबह 11 से 8बजे तक डॉक्टर अग्रवाल एक्स-रे क्लीनिक, जूनीलाइन, संतोष लॉज के बगल में बिलासपुर 786991 1052 (40210)

आवश्यकता है- OM Refrigeration में AC repairing कार्य हेतु 10 से 12 लड़के चाहिए, अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- बालमुकुन्द स्कूल के पास भारतीय नगर चौक बिलासपुर 7999913098, 98274 69007 (40189)

आवश्यकता है- नौकरी का अवसर प्रतिष्ठित कार्यालय हेतु ऑफिसगर्ल (प्यून) किचन हेल्पर की आवश्यकता है उम्मीदवार को चाय नाश्ता बनाना, स्टाफ को चाय पानी सर्व करना, किचन, ऑफिस की सफाई बनाए रखना, आवश्यक दस्तावेज सामान लाने लेजाने जैसे सामान्य कार्यालय कार्य करने होंगे। मेहनती, जिम्मेदार, ईमानदार महिला उम्मीदवार को प्राथमिकता। वेतन 7000 से 8000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- शिव टॉकीज चौक, बिलासपुर 7970010958 (40174)

आवश्यकता है- कृष्णा फुट वेयर होल सेल दुकान में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की शीघ्र आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- पुराना बस स्टैण्ड के पास बिलासपुर 9907925025, 7987210064 (40188)

आवश्यकता है- साड़ी दुकान में कार्य हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए। सेल्समेन (वेतन 16000+ 1%) सेल्सगर्ल (वेतन 15000+ 1%) हेल्पर लड़के (वेतन 9500) हेल्पर लड़कियां (वेतन 7500) (उम्र 18-30 वर्ष) सम्पर्क करें- 9691342085 (40190)

आवश्यकता है- दुकान में सफाई, दुकान कार्य हेतु तथा GST जानकार एकाउंटेंट। युवक, युवती, महिला, पुरुष आधार कार्ड सहित मिलें- बजाज ट्रेडर्स रिंग रोड नं.-2, सीएलसी प्लाजा के सामने बिलासपुर 8085222340, 7000727385 (40193)

आवश्यकता है- होलसेल मेडिकल एजेन्सी में गोदाम कार्य एवं डिलीवरी हेतु स्टाफ चाहिए। योग्यता 10वीं, 12वीं पास ईमानदार, मेहनती व्यक्ति सम्पर्क करें- एस.वी.एस. डिस्ट्रीब्यूटर्स (Pharma Wholesale) मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 8109637842, 8770022617 (40180)

आवश्यकता है- राइस मिल के संचालन हेतु मुंशी एवं Weighbridge Operator कर्मचारियों की आवश्यकता है - Weighbridge संचालन एवं वजन पर्ची बनाने, मिल में कार्य के अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9584887766, 62666 05636 (40196)

Indus Shareshree Pvt Ltd
Urgent Hiring!
BRANCH MANAGERS/ RELATIONSHIP MANAGERS
Wanted for Raipur, Bilaspur, Korba branches!
Indus Shareshree Private Limited, leading Stock Broker (NSE/BSE), DP, RTA (NSDL/CDSL), Mutual Funds, IPOs, seeks young, energetic Branch Managers. Key Duties: Handle broking/depository ops, build client ties, boost branch profits. Requirements: Graduate, 5+ yrs exp in broking/depository/MF/IPOs, compliance savvy, independent, client-focused, results-driven. Attractive salary as per experience.
Apply with resume:
rs.kushwaha@indusinvest.com
neeraj.k@indusinvest.com.
Call: 011-47671217
9350109529

आवश्यकता है- कपड़े की दुकान में काम करने हेतु हेल्पर, सेल्समेन लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- नेमा कम्पनी, सिटी कोतवाली के सामने बिलासपुर 9827104451 (40200)

आवश्यकता है- विज्ञापन एजेन्सी में सुपरवाईजर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, फ्लेक्स माउंटिंग हेतु लडकों एवं एलईडी लेटर कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सी 15 ग्राउंड फ्लोर, नारायण प्लाजा बिलासपुर 9644004113, 6264550163 (40187)

आवश्यकता है- सेल्समेन एवं सेल्सगर्ल 4 पद बिलिंग हेतु पुरुष 1 पद की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शैल वस्त्रालय मेन रोड मसानगंज बिलासपुर 9238107105 (40201)

आवश्यकता है- होलसेल दवाई दुकान में काम करने के लिए लड़की, लड़कों एवं ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- के.एस. एजेन्सीज, मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (40195)

आवश्यकता है- भाटापारा फैक्टरी में निम्न पदों पर तत्काल भर्ती ट्रैक्टर ड्राइवर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, चपरासी, टेलीकॉलर, आरा मशीन मिस्त्री की आवश्यकता है निवास की व्यवस्था उपलब्ध है सम्पर्क 7987340109 (40198)

आवश्यकता है- कार ड्राइवर चाहिए सुबह साढ़े आठ बजे से शाम आठ बजे तक, दोनो समय खाना बनाने वाली की आवश्यकता है सम्पर्क करें- मित्र विहार लिंक रोड बिलासपुर 8980809043, 9340969592 (40191)

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान में माल डिलिवरी, पेमेन्ट कलेक्शन हेतु लड़कों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन 9000, सम्पर्क करें- नितिन मेडिकल एजेन्सी 34, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 9827497711 (40140)

आवश्यकता है- शीघ्र आवश्यकता है जो बाहर रह कर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए। आयु 18 से 30वर्ष वेतन 9000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 8085189675, 8962000161 (502)

भोपाल में प्रोपर्टी खरीदना है
भोपाल शहर की विकसित कॉलोनीयों में होशंगाबाद रोड, कोलार रोड, में जमीन, प्लाट एवं बंगले खरीदना है
वास्तविक विक्रेता सम्पर्क करें
9826092344

आवश्यकता है- टेन्ट होलसेल दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- श्री टेन्ट एजेन्सी एफसीआई गोदाम के सामने व्यापार विहार बिलासपुर 8770329653 (40178)

आवश्यकता है- फैन्सी ड्रेस दुकान में सेल्सहेड 2पद, सपोर्ट स्टाफ 6पद हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए। अनुभवी को प्राथमिकता। पता- श्री फैंसी ड्रेसेस, DA/4 चंदेला विहार, महाराणा प्रताप चौक के पास, बिलासपुर 98269 03666 (40176)

आवश्यकता है- 6 चक्का ट्रक चलाने हेतु हैवी लाइसेंसी अनुभवी जिम्मेदार ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। गाड़ी रायपुर, रायगढ़, बिलासपुर चलनी है। इच्छुक व्यक्ति सभी दस्तावेजों सहित सम्पर्क करें- 7000781210 (40181)

आवश्यकता है- सीबीएसई स्कूल में PGT, TGT, PRT, Pre Primary (बीएड अनिवार्य) टीचर्स एवं प्यून, आया और ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क- मॉडर्न एजूकेशनल एकेडमी, आरएसबी कम्पाउन्ड नया सरकण्डा, बिलासपुर 78985 11974 (40169)

आवश्यकता है- इंसुलेटेड कंटेनर परिवहन के लिए हमें वैध भारी वाहन लाइसेंस वाले कुशल और अनुभवी चालकों की लंबी दूरी तक वाहन चलाने की क्षमता, साफ ड्राइविंग रिकॉर्ड आकर्षक वेतन, शुरुआती 17000 माह (अनुभव के आधार पर बातचीत योग्य), आवास और भोजन भत्ता सम्पर्क करें- 6265222373, 9754861172 (0830)

आवश्यकता है- बिलासपुर अग्रवाल लॉज में मैनेजर 1पद, आयु 30वर्ष से ऊपर (वेतन 12000) बिजली मिस्त्री, नल मिस्त्री वाल पेन्टर रोजी में काम करने हेतु चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9406390898 (40192)

आवश्यकता है- बिलासपुर स्थित एजुकेशन कंसल्टेंट ऑफिस में काम करने के लिए टेलिकॉलर, ऑफिस मैनेजर की आवश्यकता है पद संख्या 2, योग्यता अनुभव और अंग्रेजी ज्ञान वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता अपना रेज्यूमे लेकर गुरुवार एवं शनिवार को 12 से 3बजे तक मिलें ऑफिस- वन क्लिक सॉल्यूशन पता अंश प्लाजा सेकेण्ड फ्लोर रिंग रोड नम्बर 2 मंगला बिलासपुर 7987917660 (40170)

आवश्यकता है- साड़ी, रेडीमेड दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता आनुसार सम्पर्क करें- शिव क्लॉथ स्टोर बिलासा चौक शनिचरी बाजार बिलासपुर 9827916580, 98278 87934 (40197)

आवश्यकता है- परमानेंट जॉब सभी इंजीनियर, वेल्डर कटर, फिटर, गार्ड, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आफिस कार्य-10, ड्राइवर, चपरासी-20, स्टोर कीपर, हेल्फर, सुपरवाईजर, 5वीं- ग्रेजुएट वेतन 11000-30000 रहना फ्री, सम्पर्क- व्यापार विहार बिलासपुर 6232429364 (40095)

आवश्यकता है-प्लास्टिक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के, लड़कियों (पेमेंट भरपुर मात्रा में) तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- नानक ट्रेडर्स तेलीपारा मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (39979)

आवश्यकता है- लवली ड्रेसेस सीएमडी कॉलेज के बाजू में लिंक रोड, बिलासपुर के लिए सेल्समेन एवं सेल्सगर्ल की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9893361111, 70001 03010 (40164)

आवश्यकता है- होटल में काम करने हेतु हाउस कीपिंग मेल स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन 7000से 9000 तक सम्पर्क करें- होटल नटराज अग्रसेन चौक बिलासपुर 9977861508 (40166)

आवश्यकता है-थोक दवाई दुकान में काम करने हेतु लड़के/ लड़कियों एवं सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- हरीरामानी एण्ड सन्स मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 9329292940 (40118)

आवश्यकता है- बिजली दुकान में दुकान का काम करने के लिए लड़कों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- कुसुम इलेक्ट्रीकल्स मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 9827961245, 9827107799 (40175)

आवश्यकता है- रियल एस्टेट कम्पनी में कार ड्राइवर 2पद अनुभव आटोमेटिक, मेनुअल कार चलाने का 7वर्ष से अधिक का अनुभव हो नशा मुक्त वेतन योग्यता अनुसार अनुभवी व्यक्ति ही सम्पर्क करें- 7610320000 (40172)

आवश्यकता है- जॉब वेकन्सी (1) माजदा ड्राइवर- 2 (2) पिकप ड्राइवर- 2 पद की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रतीक ऑटोमोबाइल्स बबल आइलैंड के सामने, सिरगिट्टी रोड, बिलासपुर 94255 30065, 8827773222 (40179)

आवश्यकता है- फैक्ट्री कैन्टीन में खाना मिस्त्री, किचन हेल्पर, रोटी मिस्त्री, खाना देने के लिए एवं बर्तन धोने हेतु आदमियों की आवश्यकता है पता- बिलासपुर (छ.ग.) सम्पर्क करें- 9993334937, 8871824812 (40173)

Medicare Specialists

यौन रोग व यौन कमजोरी
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
क्या आपको किसी प्रकार के वायरस (बैक्टिरिया) संक्रमण रोग है जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी छाले, चमड़ी का फटना, खुजली, लाल होना, पेशाब में जलन या पीप आना, मुंह में छाले, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग हेपेटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक) रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। तुरंत खून की जाँच करायें। यदि खून का रिपोर्ट ठीक भी है और आप रोग से परेशान है तो भी इसका स्थायी जड़ से ईलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन में ही संभव है अन्य कोई उपाय नहीं है इसी को इम्यूनोथैरेपी कहा जाता है। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहें तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी.के. अग्रवाल बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वस्थ्य टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659,93039-48500
96177-89223,93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदरत लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

गुप्त रोगी स्वयं मिले
शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि
समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

आवश्यकता है- ज्वेलरी शॉप में (1) सेल्समैन, सेल्सगर्ल- 4पद, (2) बिलिंग कार्य- 2पद, (3) HR- 1पद, (4) Cashier- 1पद, चाहिए। वेतन 10000 से 20000 योग्यता अनुसार अनुभवी ही सम्पर्क करें- KAMLA सतीश्री ज्वैलर्स, (हनुमान मंदिर के बगल में, बर्तन लाइन में) मेन रोड, सदर बाजार, बिलासपुर 9827174256, 9907901110 (कृपया कॉल करके आयें) (40182)

आवश्यकता है- सुरक्षागार्ड एवं ऑफिस हेतु कम्प्यूटर आपरेटर चाहिए हिन्दी इंगलिश टाइपिंग अनुभवी वर्ड एक्सेल 2वर्ष अनुभवी। वेतन योग्यता अनुसार पता- श्रीसाईं सिक्युरिटी सर्विस, जेजे हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 9993057964, 8253010291 (40177)

आवश्यकता है-यूटीएन शॉप में मार्केटिंग कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। मासिक वेतन 10000 से 15000 सम्पर्क करें- शॉप नं-16 प्रथम तल सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7806007192, 79995 94790 (40157)

आवश्यकता है- सिविल लाइंस, रायपुर में 2 पालतू कुत्तों की देख रेख, घर की सफाई के लिए केवल महिला स्टाफ की जरूरत. मासिक वेतन 10,000 महीना, रहने और खाने की सुविधा है. संपर्कः 99934 42479 (061)

बेचना है

बेचना है- TNC प्रोजेक्ट (सर्वसुविधायुक्त Plot & Home) मंगला धुरीपारा रोड एवं रतनपुर मेन रोड से 500 मीटर अन्दर, सेंदरी मोपका बाईपास फोर लेन के ऊपर बेचना है सम्पर्क करें- 9827157523, 7898318935 (40221)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

बेचना है- लोखण्डी मेन रोड से लगे व्यावसायिक, आवासीय सर्वसुविधायुक्त प्लाट, मकान उपलब्ध है सम्पर्क करें-एस.के. कंस्ट्रक्शन नारायणी हॉस्पीटल के बगल वंदना ट्रेडर्स के ऊपर मंगला चौक बिलासपुर 90986 49603, 7987295995 (39605)

बेचना है- 12×22 की दुकान बहुत वाजिब कीमत में तत्काल बेचना है सर्वसुविधायुक्त परिसर में, चकरभाठा मार्केट से लगा, हाईकोर्ट से वाकिंग डिस्टेंस, बिलासपुर हवाई अड्डा से नजदीक, सम्पर्क करें- 9826130163, 8770523386 (40184)

बेचना है- प्लैट बेचना है शहर की वीआईपी लोकेशन मिनोचा कालोनी बिलासपुर में श्री बीएचके सर्व सुविधा युक्त प्लैट 1845 वर्गफीट एरिया में बेचना है सम्पर्क करें-75871 78668 (40204)

बेचना है- 55×40= 2200 वर्गफुट मेन डामर रोड पर पुराना मकान बना हुआ ग्राम मोहरा में जमीन की कीमत में मटियारी के पास बेचना है कीमत 1200 फुट सम्पर्क करें- 9827938236, 87709 63388 (40220)

किराये से चाहिए

किराये से चाहिए - रोड कंस्ट्रक्शन कार्य हेतु 2 नग नया जेसीबी मशीन मासिक किराया पर चाहिए। स्थान बिलासपुर इच्छुक व्यक्ति संबंधित दस्तावेजों के साथ तुरन्त सम्पर्क करें- 9243530500 (40206)

किराया

किराया- मोपका रोड में राहुल ढाबा, शारदा रेसीडेन्सी के पास फुली फर्निशड 2BHK मकान रेलवे, बैंक, सरकारी कर्मचारी प्राइवेट जॉब वाले फैमली को किराये पर देना है सम्पर्क करें- 9303319861, 8305555541 (40199)

शैक्षणिक

प्रवेश प्रारम्भ-मैट्स विश्व विद्यालय, मुक्त दूरवर्ती शिक्षा, शासकीय सेवामान्य, प्रवेश प्रारम्भ DCA, PGDCA, BCA, MCA, BA, BSc, BCom, MA, MSc, MCom, BBA, MBA, MSW, BLib, MLib अन्तिम तिथि 15 मार्च, सम्पर्क- राजेन्द्र नगर चौक बिलासपुर 8959264581, 95160 36581 (40085)

वैवाहिकी वर/वधु चाहिए

वर/वधु चाहिए- (अन्य कलाम) 28 वर्षीय वधु के लिए वर तथा दो 32 वर्षीय वर के लिए वधू तथा 65 वर्षीय वर के लिए वधू चाहिए जाति बंधन नहीं संपर्क- 7400556967, 7400556967 (10411)

वर चाहिए

वर चाहिए
जीवन साथी चाहिए जिस किसी व्यक्ति को रिश्ता करना हो सम्पर्क करें
7566281535

आपके सपनों का आशियाना
जल्द होगा आपका...
पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड
सब कुछ है यहां

सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

इंडियन वेल्स मास्टर्स : लिंडा को 6-3, 6-4 से हराया

एलेना और आर्यना में आज होगा खिताबी मुकाबला

सबालेंका ने 1 घंटे 28 मिनट में जीता मैच, लिंडा को हराकर फाइनल में एंट्री



एजेंसी ▶▶ मुंबई

आर्यना सबालेंका ने इंडियन वेल्स मास्टर्स के फाइनल में जगह बना ली है। सबालेंका ने लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराकर तीसरी बार टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई है। सबालेंका ने पहली बार इंडियन वेल्स का सेमीफाइनल खेल रही 21 साल की लिंडा नोस्कोवा के खिलाफ मैच की शुरुआत से ही अपनी पकड़ बना ली थी। सबालेंका ने डबल-ब्रेक में 5-1 की बढ़त बना ली और बेहद कम समय में सेट जीत लिया। दो गेम बाद सबालेंका ने ओपन कोर्ट में फोरहैंड विनर मारकर मैच 1 घंटे 28 मिनट में खत्म कर दिया। चेक खिलाड़ी ने दूसरे सेट के आखिर में मैच में अपनी पकड़ बना ली। उन्होंने अपनी सर्विंग की काबिलियत दिखाई, जब उन्होंने दो ब्रेक पॉइंट बचाकर स्कोर 3-2 कर दिया और स्कोर सिर्फ एक ब्रेक तक ही सीमित रखा। नोस्कोवा ने दूसरे सेट में सबालेंका की सर्विंग के समय 4-3, 30-40 पर एक ब्रेक पॉइंट भी हासिल किया, लेकिन लगातार तीन बड़ी सर्व ने दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी को 6-3, 5-3 से जीत की कगार पर पहुंचा दिया।

सबालेंका के कॅरियर की 20वीं जीत

नोस्कोवा पर सबालेंका की सेमीफाइनल जीत इंडियन वेल्स में उनके करियर की 20वीं जीत है। सबालेंका पहली दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी हैं, जो 1989 में टूर्नामेंट शुरू होने के बाद से लगातार सालों में फाइनल में पहुंची हैं और विक्टोरिया अजारेंका के साथ इंडियन वेल्स फाइनल में तीन अलग-अलग बार पहुंचने वाली केवल दो सक्रिय खिलाड़ियों में शामिल हो गई हैं।

इस साल मेरा दबदबा रहे

सबालेंका ने कहा, ' मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि मैं रविवार को पूरी तरह से तैयार रहूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलूंगी और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करुंगी कि इस साल मेरा दबदबा रहे।' सबालेंका ने शुक्रवार को जीत हासिल करके 2026 में अपना रिकॉर्ड 12-1 कर लिया। उन्होंने लगातार छठी बार किसी डब्ल्यूटीए टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले सेमीफाइनल में पहुंचने से पहले उन्हें आखिरी हार पिछले साल अगस्त में सिनसिनाटी ओपन के क्वार्टरफाइनल में रयबाकिना से ही मिली थी।

रयबाकिना ने स्वितोलिना को 7-5, 6-4 से हराया

रयबाकिना ने दूसरे सेमीफाइनल में यूक्रेन की नौवें नंबर की खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना को 7-5, 6-4 से हराया। सबालेंका को 2026 में एकमात्र हार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में रयबाकिना से मिली थी। सबालेंका निश्चित रूप से उस हार का बदला लेने के साथ इंडियन वेल्स के फाइनल में अपने 0-2 के रिकॉर्ड में सुधार करना चाहेगी।

भांबरी और गोरानसन का सफर सेमीफाइनल में थमा

इंडियन वेल्स। भारत के युकी भांबरी और स्वीडन के उनके साथी आंद्रे गोरानसन का कैलिफोर्निया में खेले जा रहे इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में शानदार अभियान सेमीफाइनल में हारने के साथ समाप्त हो गया। भांबरी और गोरानसन की गैरवरीय जोड़ी फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच और मोनाको के वैलेंटीन वाचेरोट से 5-7, 7-6(7), 5-10 से हार गई। यह एक कड़ा मुकाबला था, जिसका फैसला टाईब्रेकर से हुआ। भांबरी और गोरानसन पहले सेट में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद हार गए। उन्होंने दूसरे सेट में बेहतर खेल दिखाया और टाईब्रेकर में जीत दर्ज करके मुकाबला को निर्णायक मोड़ पर पहुंचा दिया।लेकिन निर्णायक टाईब्रेकर में रिंडरकनेच और वाचेरोट ने अपना संयम बनाए रखा और जीत हासिल कर ली।

द्रविड़, बिन्नी और मिताली को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

बीसीसीआई ने जारी की नमन अवॉर्ड विजेताओं की सूची

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड 15 मार्च को नई दिल्ली में होने वाले बीसीसीआई नमन अवॉर्ड्स 2026 में भारतीय क्रिकेट में शानदार उपलब्धियों का जश्न मनाएगा। यह सालाना समारोह अंतरराष्ट्रीय, घरेलू और एज-ग्रुप क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों को पहचान देता है, साथ ही उन लोगों को सम्मानित करता है, जिन्होंने भारत में इस खेल में खास योगदान दिया है। इस बार 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य ऑलराउंडर रोजर बिन्नी और पूर्व बल्लेबाज राहुल द्रविड़ को भारतीय क्रिकेट में उनकी लंबी सेवा के लिए प्रतिष्ठित कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज को देश में महिला क्रिकेट को आगे बढ़ाने में उनके अहम योगदान के लिए बीसीसीआई लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

शुभमन को मिलेगा पॉली उमरीगर पुरस्कार

भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को 2024-25 सीजन के लिए पॉली उमरीगर पुरस्कार मिलेगा, जबकि स्मृति मंधाना पांचवीं बार बेस्ट अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर का अवॉर्ड जीतेंगी। वहीं बिन्नी को भारत की ऐतिहासिक 1983 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीत में एक खिलाड़ी के तौर पर उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जा रहा है। टूर्नामेंट में वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी बने थे।

शेफाली और म्हात्रे को किया जाएगा पुरस्कृत

भारतीय महिला टीम की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और हाल ही में अंडर-19 विश्व कप जीतने वाले कप्तान आयुष म्हात्रे को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

विजेताओं की लिस्ट

- पॉली उमरीगर अवॉर्ड 2024-25 : श्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (पुरुष)- शुभमन गिल
- 2024-25 में श्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर– स्मृति मंधाना
- वन डे इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट- 2024-25 महिला - दीप्ति शर्मा
- वन डे इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली महिला- 2024-25 - स्मृति मंधाना

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

प्लेटफार्म का उन्नयन कार्य हेतु निविदा सूचना

कम सं (1): ई–निविदा संख्या: डीआरएम–इंजी. बीएसपी–टी–06–26–27, दिनांक 11.03.2026 **कार्य:** सहायक मंडल अभियंता/पेंड्रा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत छुलहा रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म (1,2 और 3, 4) का ऊँचा उठाना/उन्नयन। **निविदा मूल्य: ₹ 3,47,56,689.50/-। अमानत राशि: ₹ 3,23,800.00/-। कार्य पूर्णता की अवधि:** 12 माह। **निविदा जमा की आरंभ तिथि:** दिनांक **24–03–2026** के **11.00** बजे से । **निविदा जमा की अंतिम तिथि:** दिनांक **07–04–2026** के **11.00** बजे तक। उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी **https://www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओ हेतु ई–टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/755 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

आईपीएल-2026

पीटरसन ने छोड़ा दिल्ली कैपिटल्स का साथ, मेंटॉर पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सीजन की शुरुआत 28 मार्च से होगी, जिससे पहले इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) फ्रेंचाइजी के मेंटॉर पद से इस्तीफा दे दिया है। 45 वर्षीय पीटरसन का कहना है कि वह इस भूमिका के लिए जरूरी समय नहीं दे पाएंगे। हालांकि, इस टूर्नामेंट में कमेंट्री बॉक्स में वापसी करेंगे।

दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले साल फरवरी में पीटरसन को आईपीएल 2025 में इस भूमिका के लिए नियुक्त किया था। इस बीच पीटरसन ने सपोर्ट स्टाफ के साथ मिलकर काम किया, जिसमें क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव, हेड कोच हेमांग बदानी, असिस्टेंट कोच मैथ्यू मॉट और गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल शामिल थे।

इंग्लैंड के इस दिग्गज खिलाड़ी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर यह जानकारी साझा करते हुए कहा, मैं इस आईपीएल सीजन में दिल्ली कैपिटल्स का मेंटॉर नहीं रह पाऊंगा। मैं इस काम के लिए जरूरी समय नहीं दे सकता। इस सीजन के लिए सभी खिलाड़ियों को मेरी शुभकामनाएं। हालांकि, मैं कमेंट्री बॉक्स में आप सभी से फिर मिलूंगा। आईपीएल दुनिया की सबसे बेहतरीन लीग है। मैं जल्द ही आप सभी को देखने के लिए बेताब हूं।

केकेआर को झटका!, राणा हो सकते हैं बाहर

कोलकाता नाइट राइडर्स के तेज गेंदबाज हर्षित राणा आईपीएल 2026 के पूरे सीजन से बाहर हो सकते हैं। केकेआर के लिए ये बड़ा झटका है क्योंकि वे कोलकाता के लिए पिछले कुछ सीजन से बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। हर्षित को टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया में जगह मिली थी लेकिन चोट के कारण वह टूर्नामेंट नहीं खेल पाए थे। हर्षित राणा की जगह टीम इंडिया में मोहम्मद सिराज को रिप्लेसमेंट के रूप में शामिल किया गया था। अब खबर सामने आ रही है कि युवा गेंदबाज आईपीएल के लिए फिट नहीं हो सकते हैं।

नई जर्सी में नजर आएंगे केकेआर के खिलाड़ी, दिखाई देगा गोल्डन पैच

मुंबई। कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2026 से पहले अपनी नई जर्सी लॉन्च की। जारी की गई जर्सी में एक बार फिर से चमकदार सुनहरे पैच लौट आए हैं। कंधों और बाजू में ये पैच दिखेंगे। जर्सी का रंग बैंगनी ही रखा गया है। केकेआर आईपीएल इतिहास की तीसरी सबसे सफल टीम है। उसने तीन बार खिताब जीता। 2012 व 2014 में गौतम गंभीर और 2024 में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में इस फ्रेंचाइज ने खिताब जीता। 2021 में उसे फाइनल में हार मिली थी।

18 मार्च से प्री सीजन कैंप

केकेआर आगामी सीजन से पहले 18 मार्च से कोलकाता में प्री सीजन ट्रेनिंग शुरू करेगी। एक दिन पहले से खिलाड़ी इसके लिए पहुंचना शुरू हो जाएंगे। सबसे पहले तेजस्वी सिंह, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, प्रशांत सोलंकी और सार्थक रंजन जैसे अनकैप्ड खिलाड़ी कैंप का हिस्सा बनेंगे। रहाणे, रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती एक-दो दिन की देरी से केकेआर के कैंप में शामिल होंगे। केकेआर से पहले पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स ने भी नई जर्सी जारी की थी। साथ ही पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स ने भी अपनी नई जर्सी लॉन्च की।

वर्ष की पहली लोक अदालत में 72 लाख मामले निपटे 3 हजार 732 करोड़ रुपए से अधिक का अवार्ड पारित

चीफ जस्टिस ने जिला न्यायालय दुर्ग एवं जिला न्यायालय रायपुर में कार्रवाई का निरीक्षण किया

बिलासपुर। वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत में प्रदेश में 71 लाख से अधिक प्रकरणों का निराकरण सहित कुल 3732 करोड रुपए से अधिक का अवार्ड पारित हुआ। इस पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने जिला न्यायालय दुर्ग में शुभारंभ किया। इस अवसर पर जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी, पोर्टफोलियो न्यायाधीश, जिला दुर्ग की उपस्थिति रही।

चीफ जस्टिस ने जिला न्यायालय दुर्ग एवं जिला न्यायालय रायपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत की कार्यवाही का निरीक्षण किया और न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, बैंकिंग संस्थानों एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि न्यायिक मामलों के बैकलॉग को कम करने और विवादों के प्रभावी समाधान को सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों के बीच सामूहिक सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोक अदालत की प्रक्रिया में भाग लेने वाले हितधारकों के प्रयासों की सराहना करते हुए, राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर विवादों के सौहार्दपूर्ण निपटारे में सक्रिय रूप से सहयोग करने के लिए उन्हे प्रोत्साहित किया, ताकि पक्षकारों को त्वरित और सार्थक न्याय सुनिश्चित किया जा सके। उनकी उपस्थिति सभी के लिए प्रोत्साहन का स्त्रोत बनी और विवादों के त्वरित समाधान हेतु एक वादी अनुकूल तथा सुलभ मंच के रूप में लोक

अदालत तंत्र को सुदृढ़ करने की सामूहिक प्रतिबद्धता को और बल प्रदान किया। इस दौरान जस्टिस संजय के.अग्रवाल, कार्यपालक अध्यक्ष छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर तथा जस्टिस पार्थ प्रतिम साहू, अध्यक्ष छ.ग. उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, सभी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशों, परिवार न्यायालय के न्यायाधीशों, लोक अदालत की खण्डपीठों के सभी पीठासीन अधिकारी, एडवोकेट, पक्षकार उपस्थित थे।

इस अवसर पर चीफ जस्टिस ने जिला न्यायालय दुर्ग में लोक अदालत एवं मध्यस्थता जागरूकता हेतु थीम साँग का उद्घाटन किया। यह थीम सांग पण्डवानी शैली पर तैयार किया है, जिससे वैकल्पिक विवाद समाधान का संदेश अधिक-से-अधिक लोगों को स्थानीय शैली में दिया जा सके। चीफ जस्टिस ने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए रायपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नेशनल लोक अदालत हेतु छत्तीसगढ उच्च न्यायालय में गठित दोनों खण्डपीठों के अध्यक्ष जस्टिस सचिन सिंह राजपूत और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद से वर्चुअल चर्चा की और विवादों के समाधान को सुगम बनाने और सौहार्दपूर्ण निपटारे की भावना को बढावा देने के उनके प्रभावी प्रयासों की प्रशंसा की।

चीफ जस्टिस श्री सिन्हा ने सभी जिलों के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशों से भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से नेशनल लोक अदालत की कार्यवाहियों पर विस्तृत चर्चा की और उन्होनें त्वरित न्याय सुनिश्चित करने में राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों द्वारा लोक अदालत के माध्यम से मामलों का अधिकतम संभव निपटारा सुनिश्चित करने की दिशा में समर्पित प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। इन समन्वित प्रयासों का परिणाम एक उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में सामने आया है। ध्यान रहे कि शनिवार को आयोजित वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत जिसमें छत्तीसगढ राज्य के उच्च न्यायालय, जिला एवं सत्र न्यायालय, तहसील स्तरीय न्यायालय, राजस्व न्यायालय इत्यादि शामिल हैं, से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 71,94,079 मामले (जिनमें आपराधिक शमनीय मामले, दीवानी मामले, राजस्व मामले, मोटर दुर्घटना दावा, पारिवारिक विवाद, यातायात चालान सहित मुकदमा पूर्व मामले शामिल हैं) निराकृत किए गए। इसमें 37,32 करोड़ 45 लाख से अधिक रुपए की राशि का अवार्ड पारित किया गया।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान छत्तीसगढ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में एक पारिवारिक विवाद का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। यह मामला पक्षकारो के मध्य उत्पन्न वैवाहिक मतभेद से संबंधित था, जिसमें परिवार न्यायालय, बिलासपुर द्वारा, विवाह विच्छेद की याचिका को खारिज किया गया था। इसके विरुद्ध प्रथम अपील प्रस्तुत की गई थी। राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर जस्टिस अमितेन्द्र किशोर प्रसाद की खण्डपीठ के समक्ष दोनों पक्षकारों ने अपने मतभेद दूर करते हुए पुनः साथ रहने पर सहमति व्यक्त की। समझौते के अनुसार पति-पत्नी अपने बच्चों के साथ एक ही छत के नीचे निवास करेंगे तथा पति द्वारा पत्नी एवं बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी वहन की जाएगी। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से पारिवारिक विवाद का सकारात्मक समाधान संभव हो सका।

जिला उपभोक्ता फोरम की राष्ट्रीय लोक अदालत में 15 प्रकरणों में राजीनामा

बिलासपुर। जिला उपभोक्ता फोरम राष्ट्रीय लोक अदालत में 15 प्रकरणों में राजीनामा के आधार पर 32 लाख रुपए अवार्ड पारित कराया गया है। 14 मार्च को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में बीमा, बैंकिंग व आवास से संबंधित मामलों को सुनवाई में रखा गया था। आयोग के अध्यक्ष आनंद कुमार सिंघल, सदस्य आलोक कुमार पाण्डेय द्वारा प्रकरणों की सुनवाई की गई। इस अवसर पर 20 प्रकरण सुनवाई के लिए प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 15 प्रकरणों का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति से राजीनामा के माध्यम से किया गया। लोक अदालत में हुए समझौतों के आधार पर लगभग 32 लाख रुपए की राशि के अवार्ड पारित किए गए, जिसमें संबंधित पक्षकारों को त्वरित एवं प्रभावी न्याय प्राप्त हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने में आयोग के कर्मचारी सूर्य प्रताप सिंह स्टेनों शरद यादव, धर्म सिंह, सुनील सोना एवं राजू का विशेष योगदान रहा, जिनकी सेवाएं सराहनीय रही हैं।

परस्पर सहमति से 124 प्रकरण निराकृत

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सिराजुद्दीन कुरैशी के मार्गदर्शन में नालसा द्वारा नेशनल लोक अदालत का आयोजन बिलासपुर कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश आलोक कुमार के नेतृत्व में किया गया। इसमें परस्पर सहमति से कुल 124 प्रकरण निराकृत किए गए।

लोक अदालत में आलोक कुमार की खण्डपीठ में 77 मामले, प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश निरंजल लाल चौहान की अदालत के खण्डपीठ में 24 एवं द्वितीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश स्वर्णलता टोप्पो की अदालत के खण्डपीठ में 23 मामले परस्पर सहमति से निराकृत किए गए। आज की नेशनल लोक अदालत में दूरस्थ ग्रामीण अंचल एवं शहरी क्षेत्र के पीड़ित पक्षकारों द्वारा सहमति आधार पर भरण पोषण, दाम्पत्य पुर्नस्थापना, हिन्दू दत्तक भरण पोषण तथा संरक्षण प्रतिपाल्य अधिनियम के प्रकरण रखा गया। नेशनल लोक अदालत में परामर्शदाता टीआर कश्यप, शमशाद गुल कुरैशी, गेस बाई टण्डन, खण्डपीठ सदस्यों सहित वरिष्ठ न्यायमित्र एएस कुरैशी, प्रशांत गणोरकर का विशेष योगदान रहा। प्रधान न्यायाधीश आलोक कुमार की खण्डपीठ में हांफा सकरी निवासी महिला एवं उसके पति के साथ तीस वर्षों से भरण पोषण का विवाद चल रहा था। पति मजदूर श्रेणी का व्यक्ति था। कई बार राशि अदा नहीं कर पाने पर जेल भी जा चुका था। न्यायालय की समाइशईश पर एकमुश्त 90 हजार रूपए स्थाई भरण पोषण राशि पत्नी को देने सहमति जताई और पत्नी ने स्वीकार किया। इस आधार पर प्रकरण को निराकृत किया गया।

पुत्रियों ने पिता के साथ रहने जताई सहमति

द्वितीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश स्वर्णलता टोप्पो की खण्डपीठ में सन 2021 से अचानकपुर थाना चकरभाठा निवासी तीन पुत्रियों ने बोदरी निवासी अपने पिता के विरूद्ध हिन्दू दत्तक भरण पोषण अधिनियम के तहत प्रकरण प्रस्तुत किया। पिता कोयला ट्रांसपोर्टिंग का कार्य करता है, किन्तु शराब के कारण घर में विवाद हो रहा था। आज नेशनल लोक अदालत में पिता ने शराब के सेवन का इंकार किया। तीनों पुत्रियों जो कि कॉलेज में पढ़ रहीं हैं, ने पिता के साथ रहने के लिए सहमति प्रदान की। पिता ने भी अपनी पुत्रियों को गले लगाया। कुटुम्ब न्यायालय की परामर्शदाता शमशाद कुरैशी ने अथक प्रयास से पिता-पुत्रियों को मिलाया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों को हिदायद दी कि भविष्य में मिलजुलकर रहें और पिता अपने पुत्रियों के प्रति संपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करें। इस तरह एक टूटा परिवार पुनः बस गया।

बसाया गया टूटते घर को

एक अन्य मामले में गलतफहमी के आधार पर घर टूट रहा था, उसे बसाया गया। मस्तूरी निवासी आवेदक तथा बोकारो निवासी अनावेदिका के बीच आदर्श विवाह हुआ था। वे दिसंबर 2025 से अलग थे। दाम्पत्य पुर्नस्थापना के लिए अथक प्रयास किया गया। दोनों पक्षों के बीच गलतफहमी कॉउंसलिंग से दूर की गई। इससे दोनों पति-पत्नी ने एक साथ रहने न्यायाधीश स्पर्णलता टोप्पो के समक्ष सहमति जताई और खुशी-खुशी अपने घर गए।

जुदा दो परिवारों को किया गया एक

प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश निरंजन लाल चौहान की खण्डपीठ में भरण पोषण के विवादित मामले में अलग-अलग रह रहे दोनों परिवारों को समझाईश देकर परिवारिक हित में एक साथ रहने की सीख दी गई। दोनों पक्षों ने अपने बच्चों के लिए एक साथ रहने तत्परता दिखाई एवं न्यायालय से ही अपने घर चले गए। इस तरह टूटते परिवारों को एक किया गया।

रेंट कंट्रोल ट्रिब्यूनल और अथॉरिटी के आदेशों को चुनौती देने वाली रिट याचिका खारिज

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने रेंट कंट्रोल ट्रिब्यूनल और अथॉरिटी के आदेशों को चुनौती देने वाली एक रिट याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि जहां सक्षम सिविल कोर्ट में मालिकाना हक टाइटल का विवाद लंबित हो और वैधानिक अधिकारियों ने तथ्यों पर एकमत निष्कर्ष दर्ज किए हों, वहां रिट कोर्ट को अपने पर्यवेक्षी अधिकार क्षेत्र सुपरविजयरी ज्यूरिस्डिक्शनमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बिभु दत्त गुरु की खंडपीठ ने एक महिला द्वारा अपने ही पति और उनके भाइयों के खिलाफ दायर बेदखली याचिका को खारिज करने के फैसले को बरकरार रखा है। हाईकोर्ट ने कहा है कि केवल स्वामित्व होना स्वतः ही मकान मालिक और किराएदार के कानूनी संबंध को स्थापित नहीं करता है, विशेष रूप जब मामला पारिवारिक संदर्भ में हो। याचिकाकर्ता श्रीमती हलीमा बेगम ने छत्तीसगढ़ रेंट कंट्रोल एक्ट के तहत रायपुर स्थित 280 वर्ग फुट की एक दुकान से अपने पति और उनके पांच भाइयों को बेदखल करने और बकाया किराए की वसूली की मांग की थी। याचिका के मुताबिक यह संपत्ति मूल रूप से राधाबाई की थी, जिसे उन्होंने 14 फरवरी 2000 को पंजीकृत सेल डीड के माध्यम से खरीदा था। उनका दावा था कि उनके ससुर स्वर्गीय नजीर अहमद 1977-78 से 110 रुपए प्रति माह पर किरायेदार थे। उनकी मृत्यु के बाद, उनके उत्तराधिकारियों प्रतिवादियों ने दुकान में अहमद किराना स्टोर्स का व्यवसाय जारी रखा। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि संपत्ति खरीदने के बाद प्रतिवादी कानूनन उनके किराएदार बन गए, लेकिन उन्होंने नियमित किराया नहीं दिया। जवाब में प्रतिवादियों ने कहा कि यह विवाद संयुक्त पारिवारिक संपत्ति से जुड़ा एक पारिवारिक मामला है। यह संपत्ति अहमद किराना स्टोर्स की संयुक्त पारिवारिक आय से याचिकाकर्ता के नाम पर खरीदी गई थी। उन्होंने मकान मालिक-किरायेदार के किसी भी संबंध से इनकार किया और दावा किया कि वे सह-मालिक के रूप में काबिज हैं। इसके साथ ही पिछले 15 वर्षों से किराए के भुगतान या स्वामित्व स्वीकार करने का कोई दस्तावेजी प्रमाण नहीं है। इसके साथ ही संपत्ति के मालिकाना हक को लेकर एक सिविल सूट पहले से ही हाईकोर्ट में अपील के अधीन है।

दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि रेंट कंट्रोल अथॉरिटी ने सेल डीड के आधार पर याचिकाकर्ता के स्वामित्व को तो स्वीकार किया, लेकिन यह सही पहचान की कि केवल मालिकाना हक होना स्वतः ही मकान मालिक-किरायेदार का कानूनी संबंध स्थापित नहीं करता है। इसके साथ ही किराए के भुगतान, या किसी दस्तावेजी प्रमाण जैसे रेंट एग्रीमेंट या रेंट रसीद भी उपलब्ध नहीं है जिससे साबित हो सके कि दोनों पक्षों के बीच मकान मालिक-किराएदार का संबंध है। हाईकोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि खरीद के लगभग 15 साल बाद तक याचिकाकर्ता ने न तो किराये की मांग की और न ही प्रतिवादियों को किरायेदार मानते हुए कोई नोटिस जारी किया।

एक पेड़ से दूसरे तक जाने के लिए लगाते हैं छलांग

नई दिल्ली। खरगोश छोटे और प्यारे दिखने वाले पालतू जानवर होते हैं, जिनका चंचल स्वाभाव दिल जीत लेता है। आपको खरगोश दिनभर खेलते-कूदते और शरारत करते नजर आ जाएंगे। हालांकि, कुछ ऐसे होनहार खरगोश भी होते हैं, जो अपनी प्रतिभा से इतिहास रच डालते हैं। आज हम आपको कुछ प्रतिभाशाली खरगोशों के बारे में बताने वाले हैं, जिन्होनें कुछ कमाल के विश्व रिकॉर्ड कायम किए हैं। इनकी कहानी आपको हैरत में डालेगी और प्रेरित भी करेगी। सबसे लंबी छलांग लगाने वाला खरगोशः खरगोश छलांग लगाने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। औसतन, एक स्वस्थ वयस्क खरगोश 2 से 4 फीट ऊंचा कूद सकता है। हालांकि, डेनमार्क के एक खरगोश ने अपनी लंबी छलांग के जरिए गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज करवा लिया है।

तीन मंजिला इमारत की बालकनी से गिरकर एसईसीएल कर्मी की मौत

हरिभूमि न्यूज : चरचा कॉलरी

नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 6 स्थित अंबेडकर नगर में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में एसईसीएल कर्मी की छत से गिरकर मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंबेडकर नगर के तीन तल्ला स्थित क्वार्टर क्रमांक 1756 में रहने वाले एसईसीएल कर्मी श्यामलाल पांव उम्र लगभग 48 वर्ष पिता स्व.सुखदेव पांव चरचा वेस्ट क्षेत्र में कार्यरत थे। बताया जा रहा है कि वे अपनी पत्नी के साथ उक्त क्वार्टर में रहते थे।

शनिवार की सुबह लगभग 4 बजे किसी अज्ञात कारणवश वे अपने घर की बालकनी से नीचे मुंह के बल गिर पड़े, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई और काफी खून निकलने से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि सुबह जब उनकी पत्नी की नींद खुली और उन्होंने पति को घर में नहीं देखा, तब बाहर जाकर देखा तो वे नीचे गिरे हुए थे। यह दृश्य देखकर वह घबरा गईं और तुरंत अपने परिजन को फोन कर घटना की जानकारी दी। वहीं आसपास के लोगों ने भी घटना की सूचना चरचा थाना को दी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बैकुंठपुर भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि घटना के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। मृतक के तीन बच्चे हैं। घटना की खबर मिलते ही बड़ा पुत्र अपने चाचा के साथ बिजुरी से चरचा पहुंचे। अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी। इधर घटना की खबर फैलते ही अंबेडकर नगर सहित आसपास के क्षेत्र के लोग काफी संख्या में मौके पर जुट गए। सभी इस अचानक हुई घटना से स्तब्ध नजर आए। पुलिस अधिकारियों ने भी घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की।

कलयुगी पिता ने नहर में डुबाकर की मासूम बेटे की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

कलयुगी पिता ने पत्नी से हुए विवाद के बाद अपने ही मासूम बेटे की हत्या कर दी। मासूम को नहर में डूबा कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने चंद घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जिले के पामगढ़ थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक पिता ने अपने ही 5 वर्षीय मासूम बेटे को नहर के गहरे पानी में डुबोकर मौत के घाट उतार दिया। ग्राम भैसो निवासी रेशम लाल यादव की शादी वर्ष 2018 में हुई थी और उनके तीन बच्चे हैं। रेशम लाल का

अक्सर अपनी पत्नी के साथ विवाद होता रहता था।पारिवारिक विवाद और मारपीट के कारण उसकी पत्नी अपनी दो बेटियों को लेकर मायके ग्राम भिलौनी चली गई थी, जबकि बेटा आयुष अपने पिता के पास ही था। आरोपी अक्सर पत्नी को फोन कर धमकी देता था, कि वह पहले बेटे को मार देगा और फिर खुद भी जान दे देगा। वह 13 मार्च की शाम बेटे आयुष को लेकर निकला और 14 मार्च की रात लगभग 1 बजे ग्राम भिलौनी के आवास पारा नहर में उसे डुबोकर हत्या कर दी। रात करीब 2 बजे रेशम लाल अपनी पत्नी के घर पहुंचा और खुद ही बेटे की हत्या करने की बात बताई। घटना की सूचना मिलने पर पामगढ थाना प्रभारी सावन सारथी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी रेशम लाल यादव को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

संजीवनी एक्सप्रेस के तहत 375 एंबुलेंस सेवा के संचालन को हाईकोर्ट ने सही माना

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में 108 संजीवनी एंबुलेंस सेवा के लिए जारी टेंडर के खिलाफ दायर याचिका को हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि याचिकाकर्ता ने टेंडर में भाग लिए बिना आपत्ति की है और नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया है जो गलत है। राज्य सरकार द्वारा जारी टेंडर के बाद जिस कंपनी को वर्क आर्डर मिला है उसने काम शुरू भी कर दिया है। ऐसे में अब इस याचिका को स्वीकार करना सही नहीं होगा। याचिका में अंबिकापुर आरोप लगाया गया था कि छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने टेंडर प्रक्रिया में शर्तें ही ऐसी रखीं, जिनसे कुछ खास कंपनियों को लाभ पहुंचे। दरअसल छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 108 संजीवनी एक्सप्रेस का संचालन किया जाता है। इसके लिए सीजीएमएसी ने टेंडर जारी किया था। इसमें 375 एंबुलेंस सेवा का संचालन प्रदेश भर में करना था। इसका वर्क आर्डर ईएमआर कंपनी को मिला है। इस पर आपत्ति दर्ज कराते हुए एक दूसरी कंपनी जय अंबे सर्विस ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया है कि 2019 में जारी टेंडर में बोलीदाताओं से 2 साल का अनुभव और 100 एंबुलेंस संचालन का रिकॉर्ड मांगा गया था लेकिन इस बार शर्तें चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए बदल दिया गया। इस बार कंपनी के पास कम से कम 5 साल का अनुभव और लगातार 3 साल तक 300 एंबुलेंस संचालन का रिकॉर्ड होना जरूरी किया गया। साथ ही न्यूनतम सालाना टर्नओवर 150 करोड़ और नेटवर्थ 75 करोड़ तय कर दी गई। ईएमडी राशि भी 50 लाख से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दी गई। इससे कई कंपनियां टेंडर में भाग ही नहीं ले सकीं। मामले में शासन ने जवाब पेश करते हुए कहा कि टेंडर प्रक्रिया में नियमों का पूरा पालन किया गया है। शासन के जवाब के पास हाईकोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए टेंडर और वर्क आर्डर को सही माना है।

अब तक बेची गई सबसे महंगी फुटबॉल जर्सी, करोड़ों में है जिनकी कीमत

नई दिल्ली। फुटबॉल दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल है, जिसे वैश्विक स्तर पर अनुमानित 400 करोड़ लोग देखते हैं। लिहाजा, फुटबॉल खिलाड़ियों की प्रसिद्धि भी आसमान छूती है। इन खिलाड़ियों ने जिन भी जर्सी को एक बार पहन लिया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com